संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -298 बुधवार , 30 अगस्त 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## एक सितम्बर से देश की जनता के जेब पर सरकार का झटका

# एक सितम्बर से होंगे सरकार के नए नियम लागू

**» एक सितंबर से बदल जाएंगे ये नियम...**

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2023 (ए)।** इस साल के रक्षाबंधन के साथ अगस्त 2023 खत्म हो जाएगा और 1 सितम्बर को कई नए नियम लागू होने वाले हैं, जो आपकी जेब पर सीधा असर डालेंगे। इस महीने में वित्तीय नियमों में कई बदलाव होने वाला है। हर नए महीने में देश में वित्तीय नियम में कोई न कोई बदलाव जरूर होता है। इसी कड़ी में नए महीने सितंबर में भी कई बदलाव होने जा रहा है। इसमें आधार कार्ड फ्री अपडेट से लेकर 2000 रुपये नोट एक्सचेंज तक शामिल है। आइये देखते हैं आने वाले नए महीने सितंबर में क्या-क्या बदलाव होने जा रहा है और इसका आप पर क्या असर पड़ेगा।

### 2,000 रुपये के नोट हो जाएंगे सर्कुलेशन से बाहर

भारतीय रिजर्व बैंक ने मई महीने में ऐलान किया था कि 2000 रुपये का नोट सर्कुलेशन से बाहर हो जाएगा। केंद्रीय बैंक ने 2000 के नोट को एक्सचेंज करने या फिर जमा करने की समय सीमा 23 मई 2023 से 30 सितंबर 2023 तय की थी। ऐसे में अगर आपने अभी तक 2000 रुपये के नोट को एक्सचेंज नहीं करवाया है तो यह काम जल्दी करवा लें।

### एक्सिस मैग्नस क्रेडिट कार्ड

देश के निजी क्षेत्र का प्रमुख बैंक, एक्सिस बैंक अपने ग्राहकों को फ्री में मैग्नस क्रेडिट कार्ड की सुविधा देता है। लेकिन बैंक ने अब अपने अधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी साझा की है कि 1 सितंबर से मैग्नस क्रेडिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क में छूट की सुविधा नहीं दी जाएगी, यानी ग्राहकों से इसके लिए शुल्क लिया जाएगा।




### आधार कार्ड अपडेट

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लोगों को फ्री में आधार अपडेट करने की सुविधा दे रहा है। लेकिन यह सुविधा 14 सितंबर 2023 के बाद समाप्त हो जाएगी। ऐसे में यूआईडीएआई ने लोगों के आग्रह किया है कि जिन लोगों ने 10 साल से अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है वो 14 सितंबर तक अपने आधार कार्ड को जरूर अपडेट करवा लें।

### पैन-आधार लिंक

अगर आपने अपने पैन और आधार कार्ड को आपस में लिंक नहीं किया है तो 30 सितंबर तक यह काम जरूर कर लें, क्योंकि सरकार ने एकबार फिर साफ किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने पैन और आधार को आपस में लिंक नहीं करता है तो 1 अक्टूबर 2023 को पैन कार्ड को निरस्त कर दिया जाएगा। यानी आप अपने पैन कार्ड का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। इसके साथ बी आपका बैंक खाता भी बंद कर दिया जाएगा।

### डीमैट अकाउंट नामांकन

इसके साथ ही अगर आपका पैन और आधार आपस से लिंक नहीं है तो इसका असर आपको डीमैट अकाउंट पर भी पड़ेगा। इसी कड़ी में सेबी (स्श्वक्चढ्ढ) ने ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंटहोल्डर्स के लिए नामांकन करने या फिर नामांकन से वापस लेने की समयसीमा 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दी है।

### एसबीआई वीकेयर

भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के स्पेशल सीनियर सीटिजन एफडी स्कीम की समय सीमा 30 सितंबर 2023 है। ऐसे में 30 सितंबर तक सीनियर सिटीजन्स इस स्कीम में निवेश कर सकते हैं। इसमें एफडी पर सीनियर सिटीजन को 7.50 फीसदी के दर से इंटरेस्ट मिलता है। बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की इस एफडी स्कीम का नाम एसबीआई वीकेयर है।

### अमृत महोत्सव एफडी

आईडीबीआई ने एक स्पेशल एफडी स्कीम की शुरुआत की है। आईडीबीआई के इस एफडी का नाम अमृत महोत्सव एफडी स्कीम है। 375 दिनों की इस एफडी स्कीम में सामान्य नागरिक को 7.10 और सीनियर सिटीजन को 7.60 प्रतिशत के हिसाब से ब्याज मिलता है। जबकि 444 दिनों वाली एफडी के तहत सामान्य नागरिक को 7.15 और सीनियर सिटीजन को 7.65 प्रतिशत के रेट से ब्याज मिल रहा है।

# आम जनता को मोदी सरकार का तोहफा!

### इतने रुपये सस्ता होगा एलपीजी रसोई गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली,29अगस्त 2023 (ए)।** बढ़ती महंगाई के बीच आम जनता के लिए बड़ी राहत की खबर है। मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में भारी कटौती कर सकती है। जानकारी के मुताबिक, सरकार घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती कर सकती है। इस फैसले के बाद आम जनता को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

सूत्रों के अनुसार, सरकार ने उज्जवला योजना के तहत घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में ये



फैसला लिया गया है। इससे पहले अगस्त महीने की पहली तारीख को पेट्रोलियम कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की थी। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर की दामों में कोई भी बदलाव नहीं हुआ था।

### देश में अभी एलपीजी की कीमतें

राजधानी दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये वहीं, मुंबई में रसोई गैस सिलेंडर का दाम 1102.50 रुपये, कोलकाता में 1129 रुपये और चेन्नई में 1118.50 रुपये था. बता दें कि पेट्रोलियम कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी की कीमतों में बदलाव करती हैं। अगर सरकार सिलेंडर में 200 रुपये की कटौती करती है तो दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 903 रुपये हो जाएगी।

# कश्मीर में आयोजित होगी 71 वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता

**श्रीनगर ,29 अगस्त 2023 (ए)।** दुनिया के सबसे बड़े खिताब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता इस बार भारत में होने जा रही है। इस साल के अंत में कश्मीर में 71 वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें 140 देश भाग लेंगे। मिस वर्ल्ड की जूलिया एरिक मोरेली ने यह जानकारी श्रीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में दी। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिसंबर में होगा, लेकिन तैयारियों के लिए सीईओ पहले ही भारत में आ जाएगा।




जूलिया ने कश्मीर के मिस वर्ल्ड के 71वें संस्करण की मेजबानी करने की जानकारी देते हुए खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा, सच कहूं तो मैं बहुत खुश हूं। ऐसी सुंदरता को देखकर मैं भावुक हो गई हूं। जूलिया ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह 140 देशों को घाटी में लाने का इंतजार नहीं कर सकतीं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता 8 दिसंबर को होगी और वह नवंबर में तैयारी शुरू कर सबसे मिलने के लिए उत्सुक हैं।

### तीन दशकों के बाद इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा भारत

भारत लगभग तीन दशकों के बाद एक बार फिर से मेजबानी के लिए तैयार है।

# अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुनवाई टली

**» सेबी को अगले तारीख का इंतजार**

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2023 (ए)।**अडानी ग्रूप पर हिंडनबर्ग मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज होने वाली सुनवाई अगले तारीख के लिए टाल दिया गया है। दरअसल शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सेबी ने अडानी समूह के खिलाफ जांच के लिए स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की थी। जिस पर मंगलवार 29 अगस्त 2023 को कोर्ट में सुनवाई होनी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ, जम्मू-कश्मीर में आज धारा 370 खत्म किए जाने के खिलाफ दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसके कारण अडानी की सुनवाई को टाल दिया गया।



अडानी-हिंडनबर्ग मामले को लेकर पिछले हफ्ते सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की थी। रिपोर्ट में सेबी ने कहा कि, 24 मामले की जांच करनी थी। जिसमें से 22 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है। वहीं 2 मामलों का जांच भी अंतिम स्टेज पर है। इन मामलों में सेबी को विदेश एंजसियों की रिपोर्ट का इंतजार है। सेबी की जांच में सोमवार को यह खुलासा हुआ था कि, अडानी समूह की लिस्टेड कंपनी की तरफ से रुरी खुलासे और ऑफशोर फंड्स के होल्डिंग्स के मामले में नियमों का उलंघन पाया गया। लेकिन इसके साथ यह भी बात सामने आई कि, उल्लंघन का मामला टेक्निकल है और जांच पूरी होने के बाद केवल मॉनिटरी पेनल्टी ही समूह पर लगाया जा सकता है।

हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट ने जनवरी 2023 में अडानी समूह की लिस्टेड स्टॉक्स में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट जारी किया था। जिसके बाद शेयर बाजार में लिस्टेड अडानी समूह की सभी कंपनियों के स्टॉक्स में 80 फीसदी तक गिरावट देखने को मिली थी। अडानी समूह के मार्केट कैपिटलाईजेशन में 100 बिलियन डॉलर की सेंध लग गई थी। हिंडनबर्ग के रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को जांच के आदेश दिए थे।

# खड़गे,राहुल ने लोगों को ओणम की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2023 (ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को ओणम के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



खड़गे ने एक ट्वीट में कहा, ओणम जीवन और आशा का उत्सव है और पौराणिक तथा आनंदमय अतीत की याद है। ओणम की भावना फसल, उत्थान और साध्य की पवित्रता सभी लोगों के बीच एकजुटता, समृद्धि और भाईचारे की भावना को प्रेरित करती है।

राहुल गांधी ने भी लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा, ओणम के खुशी के मौके पर सभी को बधाई! यह खूबसूरत त्योहार एकता के बंधन को मजबूत करे और सभी के लिए खुशियां लाए।

ओणम, मुख्य रूप से केरल में मनाया जाता है, देश में सबसे लोकप्रिय फसल त्योहारों में से एक है।

ओणम मलयालम के चिंगम महीने में आता है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार अगस्त-सितंबर के दौरान मनाया जाता है। यह दयालु और अत्यंत प्रिय राक्षस राजा महाबली के सम्मान में मनाया जाता है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे इस त्योहार के दौरान केरल लौटते हैं।

# जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित बनाने का फैसला अस्थायी

**» सुप्रीमकोर्ट ने पूछा चुनाव कब कराओगे**

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज (29 अगस्त) 12वें दिन की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर को दो अलग यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांटने का कदम अस्थायी है। जल्द ही दोनों केंद्र शासित प्रदेशों को वापस एक राज्य बना दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पूछा कि चुनाव कब करवाए जाएंगे।




सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा कि आखिर किस तरह अनुच्छेद-367 में संशोधन कर जम्मू-कश्मीर का स्पेशल स्टेटस हटाया जा सकता हैज्र क्या जम्मू-कश्मीर राज्य की सहमति जरूरी नहीं थी? जब दूसरा पक्ष ( जम्मू-कश्मीर विधानसभा) मौजूद नहीं था, तब सहमति कैसे मिली! क्या अनुच्छेद-370 को हटाने के लिए एक तरीके से अनुच्छेद-370 का इस्तेमाल किया जा सकता हैज्? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अनुच्छेद-370 का प्रावधान हटने से मनोवैज्ञानिक असमानता दूर हो गई है, एकता लाने के किसी भी कदम का स्वागत किया जाना चाहिए। संशोधन संसद की इच्छा के माध्यम से व्यक्त की गई लोगों की इच्छा है।



# लैंडिंग से पहले बंद हुआ इंडिगो के विमान का एक इंजन

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2023 (ए)।** मदुरै से मंगलवार को मुंबई आ रहे इंडिगो के एक विमान का एक इंजन लैंडिंग से पहले अचानक बंद हो गया, हालांकि इसके बावजूद विमान मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। दो इंजन वाला एयरबस 321 विमान एक इंजन के दम पर सुरक्षित लैंडिंग करने में कामयाब रहा।एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, मदुरै से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2012 में मुंबई में उतरने से पहले तकनीकी समस्या आ गई थी। पायलट ने मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग की। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा।

# हेमकुंड साहिब में 11 अक्टूबर को बंद होंगे कपाट

### अब तक 2.27 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून,29 अगस्त 2023 (ए)।** सिखों के प्रमुख तीर्थ स्थल विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट बंद करने की तिथि घोषित कर दी गई है। इस साल 11 अक्टूबर को दोपहर एक बजे हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। गुरुद्वारा हेमकुंड ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 20 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। अभी तक 2 लाख 27 हजार 500 श्रद्धालुओं ने हेमकुंड गुरुद्वारे में मत्था टेका है। इस वर्ष कपाट खुलने के समय से ही हेमकुंड में भारी बर्फबारी थी। वहीं, सेना के जवानों ने बर्फ के बीच से श्रद्धालुओं के लिए रास्ता बनाया था। अभी तक यहां मौसम खराब ही चल रहा है। हालांकि,



अब यहां बर्फ जमा नहीं है, लेकिन बारिश का दौर जारी है।

नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि बारिश कम होने के बाद अब गोविंदघाट से घांघरिया तक एक बार फिर से हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू हो गई है। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रुद्रप्रयाग में एक गुरुद्वारा और धर्मशाला का निमार्ण किया जा रहा है।

हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर इन दिनों ब्रह्मकमल खिले हुए हैं। हेमकुंड जाने वाले यात्रियों के लिए यह फूल आकर्षण का केंद्र बने हैं। राज्य पुष्प ब्रह्मकमल 13 हजार फीट की ऊंचाई पर खिलता है। ब्रह्मकमल हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकोटी से हेमकुंड साहिब तक जगह-जगह पर खिला हुआ है।

जुलाई से सितंबर के बीच खिलने वाला ब्रह्मकमल धार्मिक महत्व का पुष्प है। नंदा अष्टमी मेले के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्र से ब्रह्मकमल को लाकर नंदा को अर्पित किया जाता है। हेमकुंड यात्रा मार्ग पर ब्रह्मकमल के साथ अन्य प्रजाति के फूल भी खिले हुए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र की खूबसूरती और भी निखर रही है।

# वकील चैंबर में जोड़े माला या अंगूठी पहनाकर कर सकेंगे शादी

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2023 (ए)।** कोर्ट मैरिज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। मद्रास हाईकोर्ट के निर्देशों को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, वकील चैंबर में सहमति वाले विवाह ( प्रेम विवाह) के लिए सार्वजनिक अनुष्ठान या घोषणा की जरूरत नहीं है। कोई भी जोड़ा एक-दूसरे को माला पहनाकर या अंगूठी पहनाकर शादी कर सकते है। विवाह की प्रक्रिया में वकील, अदालत के अधिकारी की पेशेवर हैसियत से नहीं, बल्कि विवाह जोड़े के मित्र, रिश्तेदार या सामाजिक कार्यकर्ता की हैसियत से हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7(ए) के तहत विवाह संपन्न करा सकते हैं। यह फैंसला जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने सोमवार को यह फैसला सुनाया था।



### मद्रास हाईकोर्ट का विचार गलत

मद्रास हाईकोर्ट ने अपने निर्देश में कहा था कि, वकीलों के जरिए कराई जाने वाली शादी मान्य नहीं हैं। साथ ही सुयम्मरियाथाई विवाह (आपसी सहमति विवाह) को गुप्त रूप से संपन्न नहीं किया जा सकता है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मदर्स हाईकोर्ट के निर्देशों को नकारते हुए कहा कि, बालाकृष्णन पांडियन मामले 2014 में मद्रास हाईकोर्ट की ओर से व्यक्त किया गया विचार गलत था। यह इस धारणा पर आधारित है कि प्रत्येक विवाह के लिए सार्वजनिक अनुष्ठान या घोषणा की आवश्यकता होती है। ऐसा दृष्टिकोण काफी साधारण है, क्योंकि अक्सर माता-पिता के दबाव के कारण विवाह में प्रवेश करने का इरादा रखते वाले जोड़े शादी के बंधन में नहीं बंध पाते हैं।

## संपादकीय

### गठबंधन की तस्वीर साफ हो रही है...

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पार्टियों का स्टैंड साफ हो रहा है। कई राज्यों में चल रहे उपचुनावों में पार्टियों ने जिस तरह का स्टैंड लिया है उससे गठबंधन की एक तस्वीर उभर रही है। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के नतीजों से तय होगा कि राज्य में 'इंडिया' एकजुट होकर लड़े या रणनीतिक कारणों से सीपीएम व कांग्रेस साथ लड़ कर चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाएं। गौरतलब है कि धुपगुड़ी सीट पर कांग्रेस ने सीपीएम उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। दोनों पार्टियां साझा प्रचार करके चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाए हुए हैं। भाजपा के विधायक के निधन से सीट खाली हुई है लेकिन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस सीट को हासिल करने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस और सीपीएम के साथ लड़ने का क्या असर चुनाव पर होता है।

अगर दोनों पार्टियां मिल कर इतना वोट काटती हैं, जिससे भाजपा जीत जाती है तो गठबंधन के एकजुट होकर लड़ने की जरूरत दिखाई देगी। लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि सीपीएम और कांग्रेस मिल कर जो वोट काटेंगे उसका नुकसान भाजपा को होगा। अगर ऐसा होता है तो लोकसभा चुनाव में यही रणनीति अपनाई जाएगी। सो, उपचुनाव के नतीजों से बंगाल की तस्वीर साफ होगी लेकिन उत्तर प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस और सपा फिर साथ आएंगे। कांग्रेस ने राज्य की घोसी सीट पर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन दिया है। यह इलाका कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मजबूत असर वाला है। अगर वहां कांग्रेस ने सपा का साथ दिया है तो इसका संदेश बहुत स्पष्ट है। पहले खबर आई थी कि कांग्रेस और बसपा के बीच भी बातचीत हो रही है। अगर ये सारी पार्टियां साथ आती हैं तो मुकाबला आमने-सामने का होगा। लेकिन बसपा अलग लड़ती है तो त्रिकोणात्मक मुकाबले में भाजपा फायदे में रहेगी।

# भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व



रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्यौहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानि राखी का सबसे अधिक महत्व है। इस पर्व के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

**येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः**
**तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः**

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।

रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस ले ई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है।

स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी।

महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं।

महाराष्ट्र राज्य में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। इस अवसर पर समुद्र के स्वामी वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिये नारियल अर्पित करने की परम्परा भी है। राजस्थान में रामराखी और चू ा राखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चू ा राखी भाभियों की चूडियों में बांधी जाती है।

विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी सो ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी सो ी को ब ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई।

राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा। राखी के साथ एक और प्रसिद्ध कहानी जु ी हुई है। कहते हैं मेवो की रानी कर्मावती को बादशाह बहादुरशाह द्वारा मेवो पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लडने में असमर्थ थी अतः उसने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवो पहुंच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवो की ओर से ल ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की। एक अन्य प्रसंगानुसार सिकन्दर की पत्नी ने अपने पति के हिन्दू शत्रु पुरू को राखी बांधकर अपना मुंहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकन्दर को न मारने का वचन लिया। पुरू ने युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकन्दर को जीवन-दान दिया।

उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाडी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं।

रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। विवाह के बाद बहन पराये घर में चली जाती है। इस बहाने प्रतिवर्ष अपने सगे ही नहीं अपितु दूरदराज के रिश्तों के भाइयों तक को उनके घर जाकर राखी बांध कर अपने रिश्तों का नवीनीकरण करती रहती है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार जो की टूट गयी है उसे फिर से जागृत किया जा सकता है।रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इस में हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, सौराष्ट्र से असम तक देखें तो यहां के लोग प्रतिदिन कोई न कोई त्योहार मनाते मिलेंगे। इन त्योहारों के मूल में आपसी रिश्तों के बीच मधुरता घोलने एवं सरसता लाने की भावना रहती है। भाई-बहन के बीच प्यार, मनुहार व तकरार होना एक सामान्य सी बात है। लेकिन रक्षा बंधन के दिन बहन द्वारा भाई के हाथ में बांधे जाने वाले रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह और बहन के प्रति भाई के कर्तव्यबोध को पिरोया गया है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान

## सामाजिक मतदाताओं को साधने के चक्कर में राजनीतिक पार्टियां कई बार औंधे मुँह गिरते दिखी हैं

» **राजनीति में अधिक जनसंख्या वाले समाज को साधना प्रथा बन चुकी है, ऐसा लगता है, लोकतंत्र में जनता का प्रतिनिधित्व नहीं किसी समाज का प्रतिनिधित्व चुना जा रहा**

» **लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समाज का नहीं जनता का प्रतिनिधित्व चुना जाता है, पर इस समय चुनाव के समीकरण अलग ही लहर में बह रहे हैं**

» **लोकतंत्र में जनता का प्रतिनिधित्व चुनने का प्रचलन खत्म होता जा रहा,जनता के जगह सामाजिक प्रतिनिधित्व चुना जा रहा है**




देश के आजाद होने के बाद से लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जनता का प्रतिनिधित्व चुना जाता रहा है, चाहे वह देश के लिए चुनाव हो या फिर राज्य के लिए, जो भी जनता के लिए जनता को सही लगा उसे उस बार जनता द्वारा चुना गया, शुरुआती दौर में जनता का प्रतिनिधित्व चुनने का नजरिया अलग था, उस समय दल का भी महत्व था और अब नजरिया अलग हो चुका है, पहले जब राजनीतिक पार्टियों कम थी, तो उसे समय चेहरा विशेष दल विशेष पर जनता विश्वास करती थी, फिर जनता उसी उम्मीदवार उसी दल पर भरोसा जताती थी और लोकतांत्रिक तरीके से जनता प्रतिनिधि चुन लिया करती थी, फिर बीच में अलग ही दौर आया और कुछ राज्यों में धर्म व समाज का प्रतिनिधित्व करने वालों को जनता के ऊपर थोपा गया, उसे दौर में भी जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अपने लिए प्रतिनिधि चुना और वह भी दौर गुजर गया, अब एक बार फिर से दौरा अलग हो चुका है और इस बार समाज विशेष पर चुनाव का प्रतिनिधित्व ज्यादा तेज हो चला है, जिस समाज की जनसंख्या ज्यादा उसी से उम्मीदवारी कराई जा रही है, और सभी राजनीतिक दल एक ही समाज से एक ही क्षेत्र में प्रत्याशी भी उतरना शुरू कर दिए, ऐसे में समाज भी बटता गया और समाज भी कई भागों में बांटता चला गया, सिर्फ उसका एक ही कारण था राजनीति के तहत राजनीतिक दलों द्वारा अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जातियों में बांटकर समाज से अपने लिए लाभ तलाशने उन्हें बांटना और समाज को तोड़ना वह भी सिर्फ जनता के प्रतिनिधित्व के लिए। जबकि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व तो जनता का होता है, समाज का प्रतिनिधित्व तो समाज अपने से चुन लेती है, पर इस समय क्षेत्र में जनता के ऊपर राजनीतिक पार्टियों अपनी ही मर्जी थोपने लगी हैं, पुराने चुनाव पर नजर डाला जाए तो वह अलग ही परिस्थितियां बया करती थीं और वर्तमान चुनाव इस समय अलग ही स्थितियां बयां कर रहीं हैं, 77 साल वाले आजाद देश में कई चुनाव देखे हैं लोगों ने, और लोकतांत्रिक तरीके से जनता के प्रतिनिधि को चुना गया है और देश व राज्य को अलग मुकाम पर लाया गया है, आजादी पाने के लिए संगठित हुआ देश आज फिर से अपने ही अंदर भीतर समाज में विभक्त होता जा रहा है टूटता जा रहा है और तोड़ने की वजह भी जाति धर्म व समाज के कारण बन रहा है, इस समय संख्या को बहुमूल्य देखा जाने लगा है।

इस समय पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं बात हम करें छत्तीसगढ़ राज्य की तो यहां पर दो राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस प्रत्याशियों के मंथन में लगी हुई है मंथन करना इसलिए भी उचित हो गया है, क्योंकि दोनों राजनीतिक पार्टियां समाज के धमकी के दबाव में, जिस समाज की ज्यादा संख्या है उस समाज से लोग दोनों राष्ट्रीय पार्टियों में प्रत्याशी बनने की इच्छा रखे हुए हैं और इच्छा पूरी करने के लिए अपनी संख्या को लेकर राष्ट्रीय पार्टियों पर दबाव भी बना रही हैं, वैसे समाज जातियों का इसमें दोष नहीं है दोष है तो राजनीतिक दलों का ही है, जिन्होंने खुद को सत्ता में स्थापित करने ऐसी प्रथा को हवा दिया जहां योग्यता क्षमता की जगह संख्या महत्वपूर्ण वह करती चली गई और आज वह राजनीतिक दलों के लिए ही समस्या बन रही है, कई जगहों पर तो यह स्थितियां हैं कि एक ही समाज से एक ही जगह पर दोनों पार्टियों को प्रत्याशी उतारने पड़ते हैं और हो ना हो इस बार भी ऐसा देखने को मिल सकता है ऐसे में समाज भी उस तरफ जाने का प्रयास करता है जिस तरफ उसके समाज का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति व्यवहार कुशल हो, उस समय वह अपने समाज के व्यक्ति का चरित्र देखता है और इसी समीकरण में राजनीतिक पार्टियां कई बार ओंधेमुंह भी गिर जाती हैं, कई बार ऐसा देखने को मिला जब बड़ी संख्या वाले समाज को पार्टियों ने प्रत्याशी बनाया और चुनाव में फिर भी उन्हें हारना पड़ा, क्योंकि दबाव में लिया गया फैसला हमेशा ही नुकसान देता है, जनता के ऊपर कभी भी किसी चीजों को थोपना नहीं चाहिए, जनता के प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति की कुशलता को देखना चाहिए, कि कौन व्यक्ति जनता का प्रतिनिधित्व कर सकता है, बाकि समाज का प्रतिनिधित्व चुनने का अधिकार समाज के पास सुरक्षित है, पर जनता का प्रतिनिधित्व जनता को ही चुनना चाहिए इसलिए समाज को देखकर नहीं जनता को देखकर उसके योग्य व्यक्ति को प्रत्याशी बनाना चाहिए जैसा कि आज तक होता भी आया है।

**पिछले भाजपा ने साहू समाज से प्रदेश भर में दिए थे 14 टिकट,जीत मिली कुल 1, सीट पर,भाजपा का अनुभव प्रयोग समाज को लेकर पिछला अच्छा नहीं-**

विधानसभा चुनाव में भाजपा का साहू समाज को लेकर प्रदेश के चुनाव में पिछला अनुभव, भारतीय जनता पार्टी ने अन्य पिछड़ा वर्ग से साहू समाज पर भरोसा जताया था और इस समाज से 14 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन इनमें से 13 उम्मीदवार चुनाव हार गए हैं। छत्तीसगढ़ में 51 सीटें अनारक्षित हैं और इनमें से ज्यादातर सीटों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों पर राज्य की राजनीतिक पार्टियां भरोसा करती हैं। अन्य पिछ़ड़ा वर्ग में साहू समाज के लोगों की संख्या लगभग 16 फीसदी है और वे यहां की राजनीति को प्रभावित करते हैं। साहू समाज के लोग ज्यादातर किसान हैं तथा कुछ व्यापार भी करते हैं भारतीय जनता पार्टी ने इस समाज के प्रभाव को देखते हुए साहू समाज के 14 उम्मीदवारों को टिकट दिया था। लेकिन इनमें से केवल धमतरी सीट पर रंजना दिपेंद्र साहू ने ही जीत हासिल की है,रंजना साहू ने इस सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक गुरुमुख सिंह होरा को हराया है। बीजेपी ने अभनपुर सीट से वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू और शक्ति सीट से मेघाराम साहू के अलावा दो विधायकों आशोक साहू को कवर्धा सीट और तोखन साहू को लोरमी सीट से टिकट दिया था, लेकिन सभी को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बीजेपी ने कोटा सीट से काशीराम साहू, जांजगीर सीट से कैलाश साहू, खल्लारी सीट से मोनिका साहू, रायपुर ग्रामीण से नंद कुमार साहू, संजारी बालोद सीट से पवन साहू, गुंडरदेही सीट से दीपक ताराचंद साहू, पाटन सीट से मोतीलाल साहू, दुर्ग ग्रामीण सीट से जागेश्वर साहू और खुज्जी सीट से हीरेंद्र साहू को मैदान में उतारा था, लेकिन इन सभी को जनता ने नकार दिया। बीजेपी द्वारा बड़ी संख्या में साहू समाज को टिकट देने और हारने को लेकर छत्तीसगढ़ साहू संघ के तत्कालीन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा था कि कांग्रेस का घोषणापत्र आकर्षक था। किसानों के लिए धान की खरीद पर 2500 रुपये समर्थन मूल्य, दो साल का बोनस, कर्ज माफ, बिजली बिल आधा, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता जैसे मुददे ने लोगों को आकर्षित किया है। कांग्रेस की इन घोषणाओं के कारण परिवर्तन की एक लहर चल गई। वहीं युवा नेता साहू ने कहा था कि इस चुनाव में केवल साहू ही नहीं बल्कि सभी वर्ग के उम्मीदवार चुनाव हारे हैं जिनमें बड़े नेता भी शामिल हैं वह कहते हैं कि साहू समाज का किसी भी पार्टी के साथ मतभेद नहीं है हम राज्य का विकास चाहते हैं एक अन्य पदाधिकारी नाम नहीं छापने के शर्त पर कहा था कि दुर्ग ग्रामीण विधासभा सीट से लोकसभा सांसद ताम्रध्वज साहू को टिकट दिए जाने के बाद साहू समाज को उम्मीद थी कि कांग्रेस की जीत के बाद ताम्रध्वज साहू मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार रहेंगे। इसलिए कांग्रेस को साहू समाज का समर्थन मिला। कांग्रेस के उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ग्रामीण सीट से बीजेपी के जागेश्वर साहू को हराया है। इस चुनाव में कांग्रेस ने साहू समाज से आठ उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था जिनमें से पांच उम्मीदवार जीते हैं। इनमें शकुंतला साहू (कसडोल सीट), धनेंद्र साहू (अभनपुर सीट), ताम्रध्वज साहू (दुर्ग ग्रामीण सीट), दलेश्वर साहू (डोंगरगांव सीट) और चन्नी चंदू साहू (खुज्जी सीट) शामिल हैं, जबकि राजेंद्र साहू (बेलतरा सीट), चुन्नीलाल साहू (अकलतरा सीट) और लक्ष्मीकांता साहू (कुरूद सीट) चुनाव हार गए हैं।



**रवि सिंह**
कटकोना
कोरिया
(छत्तीसगढ़)

## रानी का रक्षाबंधन

**बाल-कहानी**



सावन की चौदस तिथि।बाजार में काफी चहलङ्कपहल।चारों तरफ खूब शोरगुल,दुकानों में खूब रौनकता। बड़ेङ्कबड़े लट्टूओं को जगमगाया गया है।जिसकी इंद्रधनुषी रश्मियाँ आखों को सम्मोहित कर रही हैं। दुकानों में काफी भीड़ है। दरअसल राशाबंधन का पर्व जो आया है।लोग तरहङ्कतरह की राखियाँ और
मीठे-मीठे पकवान खरीद रहे हैं। दुकानों में भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना..।
स्वर लहरियां गूंज रही थी।ठीक ऐसे समय में दस साल की एक लड़की रानी राखी दुकान के पास पहुंचती है,चूंकि भीड़ बहुत थी।
इधर-उधर ताकती है। तभी उसको एक दुकान में भीड़ कम दिखी। और फिर फुदकते हुए झट से वहाँ पहुंच जाती है।और फिर सारे राखियों को देखने के बाद उसकी नजर एक राखी में अटक जाती है।जिसमे लिखा हुआ था
मेरे प्यारे भैया।
फूला न समाते हुए रानी ने बड़े प्यार से हाथ में उठाती है। और कहती है-
राखी वाले भैया यह राखी कितने की है ?
तब दुकान वाला कहता है
पूरे-पूरे बीस रुपया!!
इतना सुनते ही रानी के पैरों तले जमीन खिसक जाती है।चूंकि उसके पास तो मात्र बीस रुपया है,और मिठाई भी तो खरीदनी है।और फिर क्या था,वह चुपके से उस राखी को वहीं रख के दुखी हो उल्टे पांव घर आ जाती है।
घर पहुंचकर सुसक-सुसक कर रोने लगती है।उसके बाबा पास आकर पूछते हैं-
क्या हुआ बेटा क्यों रो रही ?
रानी कहती है-
बाबा वो राखी....वो मिठाई...।
बाबा पुनः पूछते हैं-
तो क्या नहीं मिली ?
फिर रानी और जोर से रोना शुरू कर देती है।
तब उसके बाबा उसको प्यार से वहाँ ले जाने के लिए कहते हैं जहाँ पर दुकान थी।
वहाँ जाकर उसके बाबा को समझ में आ गया और उसने बीस की राखी दस रुपए में देने के लिए दुकानदार से खूब गिड़गिड़ाया पर उसने साफ मना कर दिया।
तब तो रानी यह कहते हुए और जोर-जोर रोना शुरू कर दिया की आज वह अपने भाई को राखी नही बांध पाएगी।
इतना सुनने के बाद भी दुकानदार को रंच मात्र भी दया नही आई।
उल्टा नाराज होकर वहाँ से जाने के लिए कह दिया। तब उसके बाबा दुखी होकर कहते है ठीक है !ठीक है!चले जाते हैं! पर एक बात याद रखना किसी के आंसू,बेबसी,और गरीबी का मजाक कभी मत उड़ाना। इसके आंसु में भाई का प्रेम है,यह मात्र राखी नही है इसमें भाई बहन के अटूट प्रेम का बंधन है। जिसने आज तुमने तोड़ दिया। और वहाँ से रानी को समझाते हुए दुखी होकर चला आता है।
इधर जैसे ही घर वापस आया उसके घर के सामने एक चमचमाती कार खड़ी दिखी। रानी के बाबा सहम गए और सोचने लगे आखिर उनके घर में यह कौन आ गए।
जैसे-तैसे डरते हुए घर में प्रवेश किया।
जो सज्जन बैठे थे उनको देखकर चौंक गए। सेठ जी !सेठ जी ! कहते हुए उसके चरणों में गिर गए। सेठ जी आप हमारे गरीब खाने में ?आपने मुझे बुला लिया होता न मैं स्वयं आपकी सेवा में हाजिर हो जाता।
तब सेठ जी कहते हैं-
अरे !नही-नही भाई !तुम तो मेरे घर रोज सेवा करने आते हो। आज रक्षाबंधन का पर्व है। इसलिए काम बंद है।आज मैं स्वयं तुम्हारे घर सेवा देने आ गया। तुम्हारे बच्चों के लिए कुछ सामान लाया हूं। और बाबा को थमा देते हैं। संकोच करते हुए थैली बाबा लेते है।
एक कोने में रानी गुमसुम उदास बैठी थी।
बाबा ने थैली को टटोल कर जैसे ही सामान को बाहर निकाला हथेली में जगमगाती हुई राखियाँ और मिठाइयाँ झाँकने लगी।
खुशी के मारे बाबा के मुंह से अचानक निकल गया
राखी ! राखी !...... मिठाइयाँ !
रानी ने जब यह सुना ,मुरझाया चेहरा फूलों की तरह खिल उठा।और राखी ! राखी !कहते हुए
बाबा से लिपट जाती है।यह देख सेठ जी भाव विभोर हो जाते हैं।
बाबा अपने सेठ जी को बार-बार धन्यवाद दे रहे थे,और रानी हाथों में राखी लेकर बहना ने भाई की कलाई पर ...गाते हुए उछल रही थी।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

## जी 20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, एक पृथ्वी एक फैमिली एक भविष्य

18वीं जी 20 का शिखर सम्मेलन इस बार सितंबर में भारत की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में होने जा रहा है । इस बार जी-20 समिति के अधिवेशन का मुद्दा एक पृथ्वी एक फैमिली एक भविष्य रहेगा । पिछली बार 2022 में यह सम्मेलन नवंबर महीने में इंडोनेशिया में हुआ । इसके पश्चात भारत ने दिसंबर 2022 से इसकी अध्यक्षता ग्रहण की। इस सम्मेलन में अध्यक्ष के तौर पर बांग्लादेश ,मॉरीशस,नीदरलैंड,नाइजीरिया ,ओमान सिंगापुर ,स्पेन संयुक्त अरब अमीरात देश को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। अध्यक्षता के दौरान भारत इंडोनेशिया और ब्राजील ट्रोइका का गठन करेंगे । जी20 का गठन वर्ष 1999 मैं वित्तीय संकट के समय में किया गया था। इसका उद्देश्य मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है। जी20 समूह में आस्ट्रेलिया ब्राजील, अर्जेंटीना, कनाडा ,चीन ,यूरोपीय यूनियन ,फ्रांस, जर्मनी, भारत




,इंडोनेशिया ,इटली ,जापान, मेक्सिको ,रूस सऊदी अरब ,दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य, तुर्की यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल है। प्रत्येक वर्ष इस समूह का एक देश इसकी अध्यक्षता करता है तथा वही प्रतिनिधि के रूप में समिति का एजेंडा और ट्रोइका सुनिश्चित करता है। इस समिति में इस समिति में दुनिया में भविष्य के वित्तीय संकटों को रोकने हेतु तथा वैश्विक आर्थिक उन्नति पर जोर दिया जाता है।जी-20 सम्मेलन में भाग लेने वाले विदेशी अतिथियों की सुरक्षा और समेलन की सफलता को ध्यान मे रखते हुए सरकार द्वारा 8, 9, 10 सितंबर को सरकारी तथा विभिन्न गैर सरकारी दफ्तर, स्कूल ,बैंक इत्यादि में छुट्टी कर दी गई है । दिल्ली मे इस दौरान कई रास्ते बंद कर दिए जाएंगे । इस तरह के सम्मेलन के अध्यक्षता एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी का काम है। हम उम्मीद करते हैं कि भारत सरकार द्वारा उठाए गए कथित कदमों और भारतीय नागरिकों के सहयोग से यह सम्मेलन सफल होगा।
जय हिन्द



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

## चंदा मामा, लो मैं आ गया

लो चंदा मामा,मैं तेरे आंगन में आ गया।
बड़े-बड़े जो कर न पाए,पर झंडा मैं गड़ गया।
लो चंदा........
दादा-दादी,नाना-नानी,सुनाते थे तेरी कहानी।
बचपन के जिद को आखिर,
आज मैं सफल बना गया।
लो चंदा.......
उबड़-खाबड़ तेरा तल है,
न प्राण-वायु है,न ही जल है।
पर शीतलता को देखकर,तेरे
मन मेरा ललचा गया।
लो चंदा.......
तेरी कहानी सुनकर मैं माना,
तेरे अंदर है,अनमोल खजाना।
जिनका पता लगाने खातिर,
जोखिम को उठा गया।
लो चंदा.....
राखी है प्रज्ञान ये मेरा,
विक्रम में आया,मैं घर तेरा,
रक्षाबंधन के पहले मामा,
माता का भेंट लो आ गया।
लो चंदा.......



जीवन चन्द्राकरलाल
मुण्डरा,गुंडरदेही
छत्तीसगढ़

## माफ करना बहन

भाई ने कहा-हो सके तो
बहन मुझे माफ करना।
निज हृदय के प्रत्येक कोने को
तुम साफ रखना।
तुम्हारी रक्षा की कसमें
हम भाइयों खायी थी।
दरिंदो से बचाना
यह वचन तुमने दिलायी थी।।
उन्नाव,दिल्ली,मणिपुर की घटना
झकझोर दिया।
पहलवान बहनों की प्रसंग,
शर्मिंदा में बोर दिया।।
आवाज उठी न आंदोलन,
न कर पाए इंतकाम है।
चैन से कामी घूम रहे,
बिन शर्म-हयाँ बेलगाम है।।
फिर आ गया रक्षाबंधन,
फिर सब कसमें खायेंगे।
चौक-चौराहे खड़े होकर,
निर्लज्ज छेड़ते आयेंगे।।
जब बहन होंगे सुरक्षित,
तभी यह पर्व मनाना है।
राखी के असीम भार को,
हर हाथ में उठाना है।।
यह पर्व तभी सफल होगा,
तेरी-मेरी की न बात हो।
बहन चाहे किसी की रहे,
स्वतंत्र-सुख बरसात हो।।
आजादी से वह रह पाए,
न प्रताड़ित कोई रात हो।
खुशियाँ फैले आँगन-आँगन,
यही उनकी सौगात हो।।



चन्द्रकांत खुंटे
क्रांति
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

## रक्षाबंधन


राखी लेकर बहना आई।
कहे गिफ्ट देना ओ भाई।।
कैडबरी का गिफ्ट पेक हो।
मीठा में बस मिल्क केक हो।।
देना तुम मुझे ड्रेस फैंसी।
नगद नहीं क्रिप्टो करेंसी।।
सुनकर भाई जेब टटोले।
तनिक झिझकता सा, मुँह खोले।।
पहले मैं कुछ पढ़ लिख जाऊँ।
जो चाहे वो तुझे दिलाऊँ।।



**कन्हैया साहू अमित**
भाटापारा
छत्तीसगढ़

## मेरी राखी है

सुंदर सुयश स्नेह सी,भाई !मेरी राखी है।
स्वर्ग सा प्यारा,तुलसीदल का आँगन।
स्नेह सुमन तुम्हारा,मात-पिता का दामन।
वो यादें बड़ी सरस
,ज्यों कबीर की साखी है।
भाई ! मेरी राखी है।
बहाते थे तुम मेरे,
खारा जल नयनों का।
आज लगता वो मुझे ,
स्वर्णिम गहनों सा।
वो यादें बड़ी धवल,
ज्यों मराल की पाँखी है।
भाई ! मेरी राखी है।
कच्चा धागा नाजुक ,
पर प्रतीक दृढ़ प्रीत का।
जैसे स्वर लहरियों में ,
लय ताल संगीत का।
वो यादें बड़ी गजब,
ज्यों दीप की बाती है।
भाई ! मेरी राखी है।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया- बालोद
(छत्तीसगढ़)

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# पावर प्लांट में किया गया 3 करोड़ रुपए के गांजा सहित अन्य नशीले वस्तुओं का नष्टीकरण

- संवाददाता -
सूरजपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा रेंज में जब्त 13 क्वींटल 14 किलो गांजे सहित अन्य नशीली पदार्थों को पावर प्लांट के बायलर में डालकर बिजली का उत्पादन किया गया। जिससे करीब 1 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने का अनुमान है। रेंज में यह दूसरी बार गांजा नष्टीकरण कर बिजली का उत्पादन किया गया है। बाजार मूल्य के हिसाब से लगभग 3 करोड़ के मादक पदार्थों को नष्टीकरण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा अंकित गर्ग ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नशीली वस्तुओं को नष्ट किया गया जिससे बिजली का उत्पादन हुआ है। आईजी अंकित गर्ग ने कहा कि सरगुजा रेंज के जिलों के द्वारा अभियान चलाकर नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर नशीली पदार्थ गांजा, बाउन शुगर, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट जप्त की गई थी। पुलिस द्वारा पकड़े गए नशे के जखीरे का नष्टीकरण किया गया। अभियान के तहत सरगुजा रेंज में 174 प्रकरणों में 13 क्वींटल 14 किलो 783 ग्राम गांजा, 62 नग गांजा का पौधा, बाउन शुगर 34 ग्राम 22 मिलीग्राम, 58977 नग कफ सिरप, 9703 नग इंजेक्शन, 161004 नग टेबलेट का नष्टीकरण इंदिरा पावर जैन प्राईवेट लिमिटेड गिरवरगंज-नयनपुर में किया गया। नष्टीकरण के दौरान जलाए गए गांजे से बिजली का उत्पादन भी हुआ है। हाई पावर ड्रग



डिस्पोजल कमेटी की देख-रेख में हुआ नष्टीकरण। आईजी सरगुजा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने नशीले पदार्थों के नष्टीकरण को लेकर सारे इंतेजामों को पहले से ही दुरूस्त करा रखा था। सरगुजा रेंज के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध अच्छी कार्रवाई की गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए रेंज स्तर पर 3 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी बनाई गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष आईजी सरगुजा अंकित गर्ग, सदस्य पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला, पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार,29 अगस्त 2023 को किया गया। कप सिरप की शिशियों और टेबलेट्स को जलाकर, रोलर से कुचलवाकर नष्ट किया गया और फिर जमीन पर गड्ढा खोदकर उसे मिट्टी से पाट दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभाराज अग्रवाल, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर एम्मानुएल लकड़ा, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, प्लांट के जीएम डी.एस.साहू, आईजी ऑफिस के रीडर सुभाष ठाकुर, विकास सिंह, पीतांबर विश्वास, थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैंकरा, निरीक्षक जावेद मियादाद सहित सरगुजा रेंज के कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने अभियान चलाकर 29 वारंटियों को पकड़कर किया पेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए जिले में अभियान ईगल- 2 चलाकर फरार वारंटियों की लगातार धरपकड़ की जारी है। इसी क्रम में दो दिन के अंदर सरगुजा जिले के समस्त थानों से कुल 29 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट तामिल किया गया है। सरगुजा पुलिस द्वारा अभियान ईगल -2 के दौरान लगातार कार्रवाई करते हुए कुल 32 वारंट तामिल किए गए हैं, सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रखा जायगा।

## 12 हाथियों का दल मचा रहा उत्पाद दर्जनों किसानों के धान फसल को किया बर्बाद ग्रामीणों में दहशत






- संवाददाता -
लखनपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर व मैनपाट वन परीक्षेत्र की सीमा पर 12 हाथियों का दल दटा हुआ है। एक सप्ताह से ग्राम पटकुरा में हाथियों का दल उत्पाद मचाते हुए किसानों के धान फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। तो वहीं ग्रामीणों में दहस्त का माहौल बना हुआ है।दिनभर हाथियों का दल लखनपुर व मैनपाठ वन परीक्षेत्र की सीमा पर विचरण करते हैं। शाम होते ही 12 हाथियों का दल ग्राम पटकुरा के अलग-अलग स्थानो में पहुंचकर उत्पाद मचाते हुए किसानों के धान फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक 12 हाथियों का दल 28 अगस्त सोमवार की रात ग्राम पटकुरा के सायरखेत, भुटआमा छाचा आमा डांड बईया सहित अन्य स्थानों उत्पात मचाते हुए मायाराम बरगाह,टीलो मझवार, पुनाई तिर्की सहित दर्जनों किसानों के धान फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के द्वारा शोर मचाकर हाथियों के दल को भगाया गया हाथियों के दल पहुंचने से ग्रामीणों में दहस्त का माहौल बना हुआ है। और रात भर रतजगा करने को ग्रामीण मजबूर हैं। इसकी सूचना लखनपुर वन विभाग को दी गई है। वनकर्मी मौके पर डटे हुए हैं। वन कर्मियों के द्वारा हाथियों के पास जाने से ग्रामीणों को मना करते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों में पहुंचने का कार्य कर रहे हैं।

# सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दो नवजात बच्चों की मौत,परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में डिलीवरी के दौरान 2 नवजात की मौत के बाद हॉस्पिटल कैंपस में उनके परिजनों का जमकर हंगामा देखने को मिला जानकारी के अनुसार विदित हो कि सोमवार को दो गर्भवती महिलाएं प्रसूति कराने परिवार संग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं थीं। जिसमे ग्राम रजौटी बरपारा निवासी रामेश्वर सुबह पांच बजे अपनी पत्नी को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा था। वही ग्राम सुरेशपुर कुधरापारा निवासी माणिकचंद तीन बजे दिन में अपनी पत्नी को लेकर पहुंचा था। जहां भर्ती होने के बाद दोनों गर्भवती महिलाओं को दर्द होने लगा। समय के साथ दर्द असहाय होता देख परिजन ड्यूटी में मौजूद नर्स को जब बुलाने गए। तब वहां ड्यूटी में मौजूद नर्स ने सीनियर नर्स के आने के बाद



उपचार की बात कह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। नर्स द्वारा इलाज करने से मना करने का बाद पीड़ित परिवार देर रात तक सीनियर नर्स और चिकित्सक के चक्कर में स्वास्थ्य केंद्र में भटकता रहा। इसके बाद भी उन्हें न सीनियर नर्स मिले और न हो कोई चिकित्सक मिला। आखिरकार प्रसव पीड़ा से कराहती माणिकचंद की पत्नी ने उपचार के अभाव में देर रात 11 बजे प्रसव के दौरान मृत बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के दौरान नवजात की मौत से लोग उबर भी नही पाए थे कि दो घंटे बाद रामेश्वर की पत्नी का बच्चा भी प्रसव के दौरान मृत पैदा हुआ। यह देखते ही रात को वहां ड्यूटी करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों ने जच्चा-बच्चा वार्ड में भर्ती एक गर्भवती महिला को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। दो घंटे के अंतराल में दो नवजात बच्चों की मौत से वार्ड का माहौल गमगीन हो गया। जबकि नौ माह तक गर्भ में रखकर बच्चों की हिफाजत करने वाली दोनों महिलाओं का बच्चे की मौत के बाद रो-रोकर बुरा हाल था। उपचार के अभाव में लापरवाह सिस्टम की भेंट चढ़े दो नवजात शिशुओं की मौत से परिजनों में काफी आक्रोश हैं। उन्होंने उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक एवं नर्सों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# अधिवक्ता डीके सोनी को मिला 2023 का विधि भूषण के तहत बेस्ट आरटीआई एक्टिविस्ट का विशेष सम्मान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

शहर के आरटीआई कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता डीके सोनी को विधि भूषण पुरस्कार के तहत बेस्ट आरटीआई एक्टिविस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 27 अगस्त को पुणे के सियाजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री गिरीश परभुने के हाथों सम्मानित किया गया। उक्त अवार्ड डीके सोनी को सरगुजा जिले में आदिवासियों के हित में कार्य करने, ग्राम न्यायालय की स्थापना कराने की पहल को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाने, उपभोक्ताओं के हितों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में जनहित



याचिका पेश करने, वन संरक्षण हेतु मुहिम में उत्कृष्ट कार्य करने तथा कई मामलो में भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध आरटीआई के माध्यम से दस्तावेज निकाल कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करवाने, देश व समाज हित में सराहनीय कार्य कर लोगो की मदद करने के अलावा समय समय पर जनहित के मुद्दो को उठाने तथा आदिवासी अंचल में अच्छा कार्य करने के कारण विधि भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उक्त अवार्ड मिलने से जिले में खुशी का माहौल है। डीके सोनी का कहना हैं कि यह अवार्ड उनको आगे जनहित के लिए कार्य करने और आरटीआई से दस्तावेज प्राप्त कर भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कार्य करते रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

## प्रेमी जोड़े ने किया जहर सेवन,प्रेमी की मौत प्रेमिका मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर

- संवाददाता -
लखनपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोसगा देव भुडू में प्रेमी जोड़े ने जहर का सेवन कर लिया। जहर सेवन के बाद उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवती को गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजनाथ केरकेट्टा पिता रूपसाय केरकेट्टा उम्र 22 वर्ष ग्राम लोसगा देवभूडू निवासी जो 28 अगस्त को घर से निकला हुआ था।29 अगस्त की सुबह जहर सेवन कर घर पहुंचा और अपने परिजनों को जहर सेवन की जानकारी दी आनंन फानन में परिजनों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।वहीं युवक की प्रेमिका फुकी बरगाह ने भी जहर का सेवन कर लिया था। उसे भी इलाज के लिए लखनपुर अस्पताल भर्ती कराया गया था। जिसे गंभीर अवस्था में डॉक्टर के द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई। लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक फोकी बरगाह पिता जगदेव बरगाह जो शादीशुदा थी और युवक और महीला दोनों दो-तीन दिनों से लापता थे। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। और क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।



# मां की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को चौकी चेन्द्रा पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

02 अगस्त 2023 को ग्राम पकनी निवासी हुलस बाई ने चौकी चेन्द्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति राजपाल करीब 3 माह पूर्व अपने हिस्से की कुछ भूमि को बिक्र किए थे, जेठ छत्रपाल गिरी भी अपने हिस्से की भूमि को बेचना चाहते थे परन्तु सास भगमनिया जमीन बिक्री करने हेतु मना करती थी इसी बात को लेकर जेठ सास के प्रति रंजीश रखते थे, 01 अगस्त के रात्रि में सास अन्य परिजन के साथ पड़ोस के एक व्यक्ति के घर कपड़ा लेने जा रहे थे उसी दौरान छत्रपाल गुस्सा में हाथ में लोहे का राड़ लेकर पीछा करते हुए आया और भगमनिया को गाली-गलौज कर जमीन नहीं बेचने दे रही है, आज जान से मारकर खत्म कर दूंगा कहते हुए राड़ से सिर में प्रहार कर दिया। मामले की सूचना पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने का मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना के बाद भगमनिया को उपचार के लिए भैयाथान-सूरजपुर-अम्बिकापुर अस्पताल ले गए जहां से डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर करने पर वहां भर्ती कर उपचार कराने के दौरान 17 अगस्त को उसकी मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भादसं. जोड़गी गई।




घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने प्रकरण के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। मामले की विवेचना करते हुए पुलिस ने दबिश देकर आरोपी छत्रपाल गिरी उर्फ बाऊ पिता स्व. सामरत उम्र 41 वर्ष ग्राम पकनी, चौकी चेन्द्रा को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त राड़ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चेन्द्रा संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक रविनंद सिंह, आरक्षक कमलेश मानिकपुरी, अशोक कनौजिया व जगत सक्रिय रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्रधान पाठक दीपेंद्र सिंह को मूल पदस्थापना में किया वापस आदेश हुआ जारी

- संवाददाता -
लखनपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लखनपुर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक दीपेंद्र सिंह के द्वारा अतिरिक्त पाठ्यक्रम विद्यालय में चलाया जा रहा था जिसकी खबर बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए थे। जांच टीम लखनपुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय पहुंची और जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन अग्रिम कार्रवाई हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार अतिरिक्त पुस्तक क्रय संबंधित मामले में निष्कर्ष के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने प्रधान पाठक दीपेंद्र सिंह को उनके मूल पद स्थापना शासकीय प्राथमिक शाला भण्डारपारा बेलदगी विकासखंड लखनपुर करने का आदेश जारी किया है।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

# मिलावट : रक्षा-बंधन त्योहार के दृष्टिगत मिठाई दुकानों की जा रही है सघन जांच

» मिठाईयां की जांच 4 दुकानदारों को नोटिस, रायपुर प्रयोगशाला भेजे सेंपल

- संवाददाता -
सूरजपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

आगामी राखी त्यौहार के दृष्टिगत रखते हुए नियंत्रक के आदेश और कलेक्टर सूरजपुर संजय अग्रवाल के निर्देश के पश्चात खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश मिश्र के द्वारा विभिन्न होटलों. मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन नवनिर्माता व्यापारियों के परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया। मिठाई की दुकानों में निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यत~ उल्लेख करने सभी को निर्देश दिया गया। सूरजपुर जिले के विभिन्न स्थानों सूरजपुर, रामानुजनगर, प्रतापपुर, प्रेमनगर, विश्रामपुर, मनी चौक आदि क्षेत्रों के खाद्य परीसरों का निरीक्षण किया गया एव चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे पेड़ा, बर्फी जलेबी, पनीर, दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, दूध से बनी मिठइयां आदि की तुरंत जांच की गई। इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश मिश्रा, एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के स्टाफ लैब टेक्निशियन की टीम उपस्थित रहे।





### नोटिस जारी करते हुए दी गई चेतावनी

निरीक्षण एवं सैपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 18 सेंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया। निरीक्षण एवं सैपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया तथा संबंधित व्यापारी का नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई की गलती दोबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित भी की जावेगी। खाद्य प्रतिष्ठान जिनके पास खाद्य लाइसेंस नहीं पाया गया था एक्सपायर होना पाया गया। उन्हें नोटिस जारी कर आवेदन हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 4 नोटिस जारी किया गया।

### जिले के विभिन्न होटल से लिये गये परीक्षण हेतु नमूने

निरीक्षण के दौरान सूरजपुर जिले के विभिन्न स्थानों नमूना परीक्षण हेतु विभिन्न होटलों से नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया। जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पिछले वर्ष की कर प्रकरण अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो अपर कलेक्टर में चल रहा है

CMYK

# ब्रिटेन में एक घर में मृत मिली पाकिस्तानी बच्ची की मौत का कारण स्पष्ट नहीं,बाप फरार,पुलिस कर रही तलाश




**लंदन,29 अगस्त 2023 ।** ब्रिटेन के एक शहर में पाकिस्तानी मूल की 10 साल की बच्ची का शव संदिग्ध अवस्था में एक घर में मिला था। लेकिन उस बच्ची के साथ क्या हुआ, इसके बारे में अभी कुछ भी पुख्ता नहीं मिला है। लड़की का पिता अभी भी फरार है। उसकी खोजबीन की जा रही है। वहीं, बच्ची के शव का पोस्टमार्टम हुआ लेकिन जांच में उसकी मौत के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है, रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़की की मौत अप्राकृतिक होने की संभावना है।

एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस ने मृतक बच्ची के परिवार की तलाश शुरू कर दी है। मरने वाली बच्ची की पहचान सारा शरीफ के तौर पर की गई है, जो 31 वर्षीय ओलगा शरीफ और 31 वर्षीय मलिक उरफान शरीफ की बेटी थी। सारा का मृत शरीर 10 अगस्त को वोकिंग, सरे में एक वोकिंग काउंसिल हाउस में पाया गया था। बच्ची की मां और पिता का तलाक हो चुका है। बेटी पिता के साथ रहती थी।

पाकिस्तान के झेलम शहर और पंजाब प्रांत में पुलिस लगातार छापेमारी कर बच्ची के परिवारवालों को ढूंढने की कोशिश में जुटी है। पुलिस अधिकारी के अनुसार बच्ची के परिवारवाले किसी दूसरे प्रांत में अंडरग्राउंड हो गए हैं। वहीं पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता, उरफान शरीफ, उसकी साथी, बिनाश बतूल और उसका भाई फैसल मलिक की अंतरराष्ट्रीय तलाश शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को सरे कोरोनर कोर्ट में एक पूछताछ में पता चला कि सारा की मौत का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है लेकिन उसकी मौत अप्राकृतिक होने की संभावना है। अदालत ने सुना कि पोस्टमार्टम जांच में, डॉक्टर मौत का सटीक कारण पता लगाने में असमर्थ थे, लेकिन कहा कि यह अप्राकृतिक होने की संभावना है। जांच कार्यवाही की शुरुआत में, कोरोनर साइमन विकेंस ने सुनवाई छह महीने के लिए स्थगित कर दी, जबकि पुलिस को मामले की तह तक जाने को कहा है।

कोरोनर ने पुष्टि की कि सारा का जन्म जनवरी 2013 में स्लो में हुआ था और उसकी मृत्यु वोकिंग स्थित उसके घर में हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, सारा की पहचान उसकी मां ओल्गा के डीएनए से तुलना करके की गई। इसमें कहा गया है कि उनकी मृत्यु की पुष्टि 10 अगस्त के शुरुआती घंटों में की गई थी, लेकिन जरूरी नहीं कि वह मृत्यु का समय हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूछताछ के दौरान सारा के परिवार से कोई भी मौजूद नहीं था।

लंदन पुलिस को बताया गया कि संदिग्धों ने पाकिस्तान भागने के लिए एकतरफा हवाई टिकटों पर हजारों पाउंड खर्च किए हैं, जिसके बाद इंटरपोल ने तीन संदिग्धों का पता लगाने में मदद करने के लिए पाकिस्तानी पुलिस अधिकारियों को सतर्क किया। रावलपिंडी क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी सैयद खुर्रम अली शाह ने कहा कि इस्लामाबाद एयरपोर्ट के इमिग्रेशन काउंटर के वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। वीडियो में नौ अगस्त को शरीफ अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एयरपोर्ट पर दिखे थे। उन्हें एयरपोर्ट से बाहर भी निकलते हुए देखा गया, लेकिन सीसीटीवी में बाहर का फुटेज साफ नहीं दिख रहा है।



## 26 लाख नेपाली रुपये ले जाने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार,पुलिस का दावा-नहीं दिखा सका उचित दस्तावेज

**काठमांडू,29 अगस्त 2023 ।** नेपाल के मधेश प्रांत में बिना उचित दस्तावेज के 26 लाख नेपाली रुपये (16.26 लाख भारतीय रुपये) ले जाने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सुमित साहा (26 वर्षीय) को प्रांत के महोत्तरी जिले से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह खुली सीमा पार कर नेपाल में प्रवेश कर रहा था। उसने अपनी मोटरसाइकिल की सीट के नीचे यह पैसा छिपा कर रखा हुआ था। पुलिस ने कहा, सुमित साहा नाम के एक भारतीय नागरिक को 26 लाख नेपाली रुपये ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास न तो उचित दस्तावेज थे और न ही वह यह बता सका कि यह किस लिए थे।

महोत्तरी जिला कार्यालय के सहायक उपनिरीक्षक राम कुमार भंडारी ने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा जांच के दौरान मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाकर रखे गए 1,000 रुपये, 100 रुपये और 50 रुपये के नेपाली बैंक नोट बरामद किए।

## एप्पल एयर टैग से पकड़ा गया शातिर चोर,एक लापरवाही से करोड़ों रुपये की चोरी का हुआ खुलासा





**लंदन ,29 अगस्त 2023 ।** ब्रिटेन में एक शातिर चोर एप्पल एयर टैग की मदद से पकड़ा गया है। दरअसल चोर बहुत शातिर था और अब तक करोड़ों रुपये का सामान चोरी कर चुका था। हालांकि आधुनिक तकनीक से वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दरअसल चोर ने जिस बैग को चुराया, उसमें एप्पल का एयर टैग रखा हुआ था। पुलिस ने इसे सर्विलांस पर लेकर चोर को दबोच लिया।

### क्या है मामला

ब्रिटेन के बर्कशायर में वोकिंघम से पुलिस ने एक शातिर चोर मारी दिनजाकू को पकड़ा। दरअसल बीते दिनों उसने अपने घर से करीब 15 मील दूर कपड़े और ज्वैलरी से भरा एक सूटकेस चुराया था। सरे पुलिस के अनुसार, चुराए गए सूटकेस में एप्पल कंपनी का एक एयर टैग रखा हुआ था। जिसकी मदद से पुलिस दिनजाकू के घर पहुंच गई और सूटकेस बरामद कर लिया। गौरतलब है कि पुलिस ने आरोपी के घर से चोरी का अन्य सामान भी बरामद किया और चोरी के कई मामलों का खुलासा कर दिया।

बता दें कि एयर टैग छोटा सा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस होता है, जिसे ट्रैक किया जा सकता है। यही वजह है कि सूटकेस में एयर टैग रखा, जिसकी मदद से पुलिस आरोप तक पहुंच गई। आरोपी के घर की तलाशी के दौरान पुलिस को वॉकी टॉकी, फर्जी दस्तावेज, बड़ी मात्रा में नकदी, विभिन्न करेंसी नोट, 15 मोबाइल फोन भी बरामद किए। साथ ही आरोपी के घर से चोरी के दो वाहन भी बरामद किए गए। इनमें से एक वाहन दिसंबर 2022 में फर्नहैम से चुराया गया था। इसके साथ ही ज्वैलरी समेत दो अलमारी भी चोरी की गई थी। इस तरह बरामद हुए कुल चोरी के सामान की कीमत करीब 10 लाख डॉलर या करीब 8 करोड़ रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जेल भेज दिया। अब आरोपी को चोरी के मामलों में छह साल जेल की सजा सुनाई गई है।

## 'मेरे गाने न बजाएं', राष्ट्रपति पद के इस उम्मीदवार के प्रचार में नहीं बजेंगे एमिनेम के गीत





**वॉशिंगटन , 29 अगस्त 2023 ।** मशहूर रैपर एमिनेम ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी से उनका संगीत इस्तेमाल नहीं करने को कहा है। दरअसल विवेक रामास्वामी द्वारा अपने चुनाव प्रचार के दौरान एमिनेम के रैप संगीत को इस्तेमाल किया गया था, जिस पर अब रैपर ने औपचारिक रूप से आपत्ति जताई है। बीते दिनों ओयावा स्टेट फेयर में विवेक रामास्वामी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें रामास्वामी एमिनेम का एक रैप गीत गाते दिख रहे थे।

### एमिनेम ने जताई आपत्ति

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, म्यूजिक लाइसेंसर ब्रॉडकास्ट म्यूजिक इंड ने बताया कि उन्हें एमिनेम की तरफ से आधिकारिक शिकायत मिली थी, जिसमें एमिनेम ने मांग की थी कि रामास्वामी उनके संगीत का इस्तेमाल ना करें। बता दें कि रामास्वामी रैप संगीत के बड़े प्रशंसक हैं और हावर्ड से स्नातक की पढ़ाई के दौरान बाकायदा विवेक रामास्वामी रैप किया करते थे और उनका मंच का नाम %दा वेक% था।

### तेजी से लोकप्रिय हो रहे विवेक रामास्वामी

बता दें कि विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव की पहली डिबेट के बाद तो रामास्वामी की लोकप्रियता में जबरदस्त उछाल आया है और वह ट्रंप के बाद रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्रमुख उम्मीदवार बनकर उभरे हैं। पहली डिबेट में विवेक रामास्वामी ही छाए रहे और उसके बाद से उन्हें मिलने वाले चंदे में भी जबरदस्त उछाल आया है। भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी अरबपति बिजनेसमैन हैं और ट्रंप के बड़े प्रशंसक हैं।

### पहले भी संगीतकार जता चुके हैं आपत्ति

उल्लेखनीय है कि पहले भी मशहूर संगीतकार चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं द्वारा अपना संगीत इस्तेमाल करने पर आपत्ति जता चुके हैं। इनमें फैरेल विलियम्स, रिहाना, एयरोस्मिथ और एडेल का नाम प्रमुख हैं, जिन्होंने शिकायत की थी डोनाल्ड ट्रंप उनकी बिना इजाजत के उनके गीतों का इस्तेमाल अपने चुनाव प्रचार में कर रहे हैं। रोलिंग स्टोन ने भी ट्रंप को अपने एक गीत का इस्तेमाल करने पर मुकदमे की धमकी दी थी।




## तीन बच्चों सहित नौ लोगों की निर्मम हत्या,पहचान मिटाने के लिए शव भी जला दिए

**रियो डी जनेरियो ,29 अगस्त 2023।** ब्राजील के पूर्वी बाहिया प्रांत की राजधानी साल्वाडोर में तीन बच्चों सहित नौ शव मिले है। सिविल पुलिस ने यह जानकारी दी। सिविल पुलिस ने बताया कि शव जली हुई हालत में मिले हैं। मृतकों के शव साल्वाडोर के बड़े महानगरीय क्षेत्र में माता डे साओ जोआओ की नगर पालिका में आसपास के दो घरों में मिले हैं। एक घर में गोली लगने से मरी दो महिलाओं के शव पाए गए, जबकि बाकी पीड़ितों के शव अधजली अवस्था में दूसरे घर से मिले हैं। सिविल पुलिस ने कहा कि उन्होंने इस संभावना से भी इंकार नहीं किया है कि पीड़ितों की पहले हत्या की गई होगी, उसके बाद जलाने की कोशिश की गई होगी। उन्होंने आशंका जताई कि पीड़ितों की पहचान में मुश्किलात पैदा करने के लिए उन्हें जलाया होगा। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से 12 साल की एक जीवित बच्ची भी मिली जिसका आधे से ज्यादा शरीर जला हुआ था। उसे साल्वाडोर के अस्पताल ले जाया गया है।

## ब्रिटेन में विमान सेवाएं ठप्प होने से मची अफरा-तफरी, मंत्री ने साइबर हमले की खबरों को किया खारिज



**लंदन ,29 अगस्त 2023 ।** पूरे ब्रिटेन में हवाई यातायात सेवा में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे हवाईअड्डों पर अफरा-तफरी मची हुई है। सैकड़ों उड़ानें गंभीर रूप से बाधित हुई हैं और हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इसको लेकर ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को कहा कि तकनीकी मुद्दा तो हल हो गया है, लेकिन उड़ानें प्रभावित होती रहेंगी क्योंकि एयरलाइंस अपने शेड्यूल पर फंसे हुए यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

सोमवार सुबह ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण कंप्यूटर सिस्टम में नेटवर्क-व्यापी गड़बड़ी हुई थी। जिसके कारण सैकड़ों उड़ानों को रद्द करना पड़ा। सोशल मीडिया पर आशंका जताई गई थी कि ब्रिटेन की यातायात सेवा पर साइबर अटैक हुआ है। ऐसी खबरों को ब्रिटेन सरकार में मंत्री मार्क हार्पर ने सिरे से खारिज कर दिया।

यातायात नियंत्रण की गड़बड़ी के पीछे साइबर अटैक नहीं

उन्होंने कहा कि सोमवार को हुई इस हवाई यातायात नियंत्रण की गड़बड़ी के पीछे साइबर अटैक नहीं था। हार्पर ने बताया कि लगभग एक दशक से इस पैमाने पर कुछ नहीं हुआ है, आमतौर पर सिस्टम बहुत अच्छा काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे तकनीकी विशेषज्ञों ने इसे देखा है और यह स्पष्ट है कि यह कोई साइबर सुरक्षा घटना नहीं थी।

### घटना की स्वतंत्र समीक्षा होगी

मंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी स्वतंत्र समीक्षा होगी और आने वाले दिनों में एक रिपोर्ट आने की उम्मीद है। आगे बोले कि सिस्टम को सोमवार दोपहर को ठीक कर लिया गया था और चीजें सामान्य हो रही हैं, लेकिन जाहिर तौर पर कुछ व्यवधान है जो लोगों के लिए आज भी जारी रहेगा और मुझे पता है कि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। साथ ही कहा कि उम्मीद है कि एयरलाइंस अपनी जिम्मेदारियों के प्रति आगे बढ़ेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि वे लोगों को उनके गंतव्य तक ले जाएं, उन्हें वैकल्पिक उड़ान पर ले जाएं और इस बीच भोजन, पेय और आवास की व्यवस्था करें।

## भ्रष्टाचार के मामले में इमरान के बाद बुशरा को भी राहत,अदालत ने 12 सितंबर तक के लिए दी अग्रिम जमानत

**इस्लामाबाद , 29 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के कई मामलों में मंगलवार को 12 सितंबर तक अग्रिम जमानत दे दी। तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से खान पंजाब प्रांत की अटक जेल में बंद है।



बुशरा बीबी (49 वर्षीय) अपने वकील लतीफ खोसा और इंतिजार हुसैन पंजूथा के साथ इस्लामाबाद में जवाबदेही अदालत में पेश हुई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून% अखबार की खबर के मुताबिक अदालत ने पांच लाख रुपये के मुचलके के खिलाफ उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली।

बुशरा बीबी तोशाखाना और अल-कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट मामलों सहित भ्रष्टाचार के कई मामलों में नामजद हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान की तीन साल कैद की सजा निलंबित किए जाने के कुछ घंटे बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख को तोशाखाना मामले में इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था और एक जिला अदालत ने उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। उन्हें गोपनीय राजनयिक केबल (साइबर) मामले के संबंध में गोपनीयता अधिनियम (संशोधन) 2023 से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत के समक्ष बुधवार को पेश होना है।

## कैलिफोर्निया में जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध की मांग वाला विधेयक पास,विरोधियों ने बताया काला दिन

**वाशिंगटन,29 अगस्त 2023 ।** अमेरिका के सबसे बड़े राज्यों में से एक कैलिफोर्निया राज्य की सदन में जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को पारित किया गया है। अब यह भेदभाव-विरोधी कानूनों में जाति को संरक्षित श्रेणी के रूप में जोड़ने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया है।

### गवर्नर के पास जाएगा अब विधेयक

यह विधेयक सोमवार को सदन से पारित हो गया। अब इसे कानून बनाने के लिए गवर्नर गेविन न्यूसोम के हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। बता दें, इस विधेयक का उद्देश्य जातिगत भेदभाव से निपटना और राज्य में रहने वाले हाशिए समुदायों के लिए सुरक्षा को मजबूत करना है।




### इस सीनेट ने रखा था प्रस्ताव

इसे पहली बार राज्य सीनेटर आयशा वहाब ने पेश किया था। सीनेट में विधेयक एसबी-403 को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। वहां हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 34, जबकि विपक्ष में सिर्फ 1 वोट पड़ा था। अब यह विधेयक सदन में पेश हुआ, जहां भी इसे पास कर दिया गया। गवर्नर के हस्ताक्षर होने के बाद ये कानून बन जाएगा।

### इतिहास में एक काला दिन

वहाब ने सदन में विधेयक पास होने के बाद सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि एसबी 403 के समर्थन में मतदान करने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद। हम एसबी 403 के जरिए भेदभाव से लोगों की रक्षा कर रहे हैं। हालांकि, उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने इसे कैलिफोर्निया के इतिहास में एक काला दिन बताया।

### कई चरणों से गुजरा विधेयक

यह कानून वंशावली के तहत जाति को एक संरक्षित श्रेणी के रूप में जोड़कर कैलिफोर्निया के अनरुह नागरिक अधिकार अधिनियम, शिक्षा और आवास कोड को संशोधित करेगा। इस साल की शुरुआत में पेश किए जाने के बाद से, विधेयक कई चरणों से होकर गुजरा है। इस दौरान कई श्रम और नागरिक अधिकार संस्थाओं से बड़े पैमाने पर द्विदलीय सहमति प्राप्त हुई है।

## जन्मदर बढ़ाने के लिए चीनी सरकार की नई पहल,25 या उससे कम उम्र वाले जोड़ों को शादी के लिए मिलेंगे इनाम



**बीजिंग,29 अगस्त 2023 ।** चीन की सरकार ने जन्मदर में गिरावट पर बढ़ती चिंता के बीच युवाओं को शादी करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अनोखा उपाय ढूंढ निकाला है। दरअसल, पूर्वी चीन में सरकार 25 वर्ष या उससे कम उम्र वाली दुल्हन को शादी के लिए 1,000 युआन (137) का इनाम दे रही है।

चांगशन काउंटी के ऑफिशियल वीचैट अकाउंट पर एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि यह इनाम सही उम्र में और बच्चा पैदा करने योग्य आयु में शादी करने के लिए दिया जा रहा है। छह दशकों में पहली बार जनसंख्या में गिरावट और तेजी से बढ़ती उम्र वाली आबादी चीन के लिए चिंता का विषय बन चुका था। सरकार इसकी निवारण के लिए तत्काल उपाय ढूंढ निकाली है। चीन में शादी के लिए कानूनी उम्र सीमा पुरुषों के लिए 22 वर्ष और महिलाओं के लिए 20 वर्ष है, लेकिन शादी करने वाले जोड़ो की संख्या में गिरावट आ रही है। आधिकारिक नीतियों के कारण जन्मदर में भी गिरावट आई है। जून में जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2022 में विवाह 6.8 मिलियन पर पहुंच गई जो 1986 के बाद से सबसे कम है। साल 2021 की तुलना में 2022 में 800,000 कम शादियां हुई थी। चीन की मीडिया ने बताया कि चीन की प्रजनन दर पहले से ही कम है।

क्या चोरी की घटना को रोकने की बजाय पुलिस का ध्यान उगाही मामले में, स्पेशल गठित टीम भी नहीं सुलझा पा रही लगातार हो रही चोरी का मामला

# चड्डी गंजी पहने चोर का क्षेत्र में दस्तक लगातार दे रहा है चोरी की घटना को अंजाम

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

इस समय चड्डी गंजी वाला चोर क्षेत्र में काफी सक्रिय है और चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहा है, इसके पूर्व में भी थाना से महज कुछ दूरी पर एक दुकान ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था, इसके कुछ दिन बाद एक बार फिर से पटना क्षेत्र में एक ही दिन में तीन दुकानों का तालाब तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें से एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में फिर से चड्डी गंजी वाला चोर कैद हो गया, पूर्व में भी एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया था, सूचना यह भी आ रही है की चड्डी गंजी वाला चोर सूरजपुर के रामानुजनगर में भी इस प्रकार की घटना कौन अंजाम दिया है, इस चोर की खासियत यह है कि वह चड्डी गंजी में ही आता है और चोरी की घटना को अंजाम देता है, वह काफी शातिर है इसी वजह से वह कपड़ा पहन कर नहीं आता क्योंकि वह पकड़ में आ जाएगा, इसलिए वह चड्डी गंजी में ही चोरी करता है। सूरजपुर से लेकर पटना के दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है, तीन दुकानों के सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद भी हो चुका है पर पुलिस अभी तक उस चोर तक नहीं पहुंच पाई, इस चड्डी गंजी वाले चोर का दहशत बढ़ता जा रहा है।





मिली जानकारी के अनुसार पटना की तीन दुकान में चड्डी गंजी पहने हुए चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया, पटना निवासी अयूब खान, दीपेश कुमार साहु व मोइन राज का बुलंदु सागर तट पर स्थित दुकान में चड्डी गंजी वाले चोर ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया, अयूब खान के दुकान से 18 सौ, मोइन राजा के दुकान से 700 और दीपेश कुमार साहू के दुकान से 1200 की चोरी हुई, चोरी की रकम भले ही छोटी है पर घटना लगातार बढ़ रही है, तीनों दुकान एक एक ही जगह पर है जिसमें से अयूब खान के दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था जिसमें उसे चोर की तस्वीर कैद हो गई है पर यह कोई पहली बार नहीं है जब इस चोर की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई है, इससे पूर्व में भी कई दुकानों में हुई चोरी के दौरान इसी चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद है पर आज तक इस चोर की पहचान पुलिस नहीं कर पाई है।

## क्षेत्र में कोयला चोरी की भी शुरुआत हो चुकी है,क्या छोटे जिले की पुलिस जिला स्तरीय बल के सहयोग से इस वर्ष इस पर लगा सकेगी रोक?

कोरिया जिले में भले ही कुल चार पुलिस थाने शेष रह गए हों लेकिन इन्हीं थाना क्षेत्रों में कोयला चोरी एक बड़ी समस्या पूर्व से बनी चली आ रही है जिसपर लगाम एक बार ही लग सका था जब रामगोपाल गर्ग सरगुजा पुलिस संभागायुक्त थे,अब क्षेत्र में कोयला चोरी फिर से जारी है और लगातार कोयला चोरी के समाचार सामने भी आ रहें हैं अब देखना है की क्या छोटे से जिले कोरिया की पुलिस पूरे जिले की पुलिस टीम के साथ इस बार कोयला चोरी का काम रोक पाती है या वह अनवरत जारी रहने वाला व्यवसाय बना रहेगा। वैसे कोरिया पुलिस जो अब बिल्कुल छोटे से जिले में सभी पुलिस इकाइयों के साथ मौजूद है वह चाहे तो जिला अपराध मुक्त अवैध कारोबार मुक्त हो सकता है बस जरूरत है पुलिस को निष्ठापूर्वक कार्य करने की।

### कोरिया जिले की स्पेशल गठित टीम भी अब तक चोर को पकड़ पाने में रही है असफल,टीम क्या उगाही मात्र के लिए बनी है उठ रहा है सवाल?

कोरिया जिले में चड्डी गंजी चोर का ज्यादा आतंक देखा जा रहा है,जिले के पटना थाना क्षेत्र में ही चोर ने कई चोरी की घटना को अंजाम दिया है यहां तक की चोर ने पुलिस थाने के चंद कदम दूर ही चोरी की चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई लेकिन मामला सुलझा पाने में चोर को पकड़ पाने में पुलिस नाकाम रही। जिले में पुलिस की एक स्पेशल टीम गठित की गई है, स्पेशल टीम लगातार कार्यवाही कर रही है और सभी थाना क्षेत्र में वह थाना पुलिस से ज्यादा सक्रिय भी है, टीम में जिले के सबसे होनहार पुलिसकर्मियों को रखा गया है और जिनको लेकर कहा जाता है की उनका सूचना तंत्र इतना मजबूत है की अपराध घटित होते ही उन्हे उससे संबंधित जानकारी मिल जाति है और वह अपराधी को पकड़ लेते हैं, लेकिन चड्डी गंजी चोर मामले में स्पेशल टीम भी खाली हांथ है और वह भी अब तक चोर को पकड़ पाने में असफल है, जिससे स्पेशल टीम के गठन पर सवाल खड़ा होता है क्योंकि स्पेशल टीम थाना क्षेत्र के कार्यों में थानों से ज्यादा सक्रिय है। स्पेशल टीम पर कई मामले में अवैध उगाही का भी आरोप लगा है और चोरी के इस मामले में उसकी असफलता को लेकर जिसमे चोर उनकी पकड़ से बाहर है लोग यह भी कहते सुने जा रहे हैं की टीम का गठन क्या अवैध उगाही वाले मामले के लिए हुआ है?

### चार पुलिस थाने,जिला स्तरीय पुलिस बल, ऊपर से एक स्पेशल पुलिस टीम फिर भी कोरिया जिले की पुलिसिंग पर चड्डी गंजी चोर उठा रहा सवाल

कोरिया जिला पूर्ण रूप से ही जिला है पुलिस की भी जिला स्तरीय पूरी इकाई यहां कार्यरत है,सायबर हो, आजाक हो या अन्य किसी भी मामले का कोई पुलिस विभाग सभी कार्यरत हैं यहां संचालित भी हैं वहीं जिले में कुल चार ही पुलिस थाने भी हैं वहीं स्पेशल पुलिस टीम का अलग से गठन है उसके बाद भी पुलिसिंग का हाल देखें तो एक चड्डी गंजी चोर एक पुलिस थाना क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन गया है। पूरे जिले की,थाना क्षेत्र की वहीं स्पेशल टीम क्या कर रही है जो एक चोर बड़े आराम से चोरी कर रहा है सिसिटिवी में भी कैद हो रहा है और फिर भी पुलिस की पकड़ से वह बाहर है पुलिस का सूचना तंत्र भी क्या कर रहा है यह भी सवाल उठ रहा है। कोरिया जिला पुलिस के लिए यह चड्डी गंजी चोर लगातार मुसीबत खड़ा कर रहा है फिर भी पुलिस उससे दूर है वहीं क्षेत्र में आतंक इस बात का है की पता नहीं अब किसका ताला टूटेगा और किसके यहां चोरी होगी,वहीं अब लोगों को यह भी भय सता रहा है की यदि किसी दुकान मकान में यह चोर आग जाता है और कोई दुकानदार या कोई व्यक्ति अकेला उसे मिल जाता है और उसे देख लेता है तो कहीं वह हमला न कर दे जान का भी डर अब लोगों को सता रहा है। वैसे चार पुलिस थानों के जिले को पूरे जिले की पुलिस सम्हाल नहीं पा रही है यह बड़ा सवाल पुलिसिंग पर है।



# चेंबर के पदाधिकारी ने की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात

## क्षेत्र में घट रही आपराधिक घटनाओं को लेकर की रूबरू चर्चा

-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,29अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

बीते सोमवार को जिला इकाई चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभी पदाधिकारियो के द्वारा जिले के पुलिस अधीक्षक से सौजन्य मुलाकात की जिले में घट रही घटनाओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की संवेदनशील पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना और क्रमबद्ध तरीके से त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय रहे कि इन दिनों जिले के मनेंद्रगढ़ शहर में चोरियों की घटनाएं बड़ी हैं साथ ही अन्य अपराधों की भी संख्या बढ़ने तथा इनसे प्रभावित व्यापारियों की चेंबर के समझ भी शिकायतों के आधार पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला-अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर क्रमबद्ध तरीके से क्षेत्र में घट रही ही अपराधों एवं उनसे प्रभावित व्यापारियों तथा अपराधियों पर करवाही में देरी होने पर चिंता जताई। व्यापारियों ने मनेद्रगढ़ स्थित सब्जी मंडी में घरेलू उपयोग की सामग्रियां एक व्यवसाई की बाइक, ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी झगड़ा खंड रोड में विगत कुछ माह पूर्व हुई चोरी की घटना एवं शहर के अन्य हिस्सों में घट रही घटनाओं सहित चिरमिरी में हुई बस कर्मचारियों के साथ मारपीट एवं लूट पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले को बड़ी गंभीरता से सुनकर बस मैं मारपीट एवं लूट के अपराधियों को पकड़ने एवं उन पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश नगर निरीक्षक चिरमिरी को दिए वहीं उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन स्थानों पर नशेड़ी किस्म के लोग मौजूद रहते हैं उन्हें आप सूचित करिए अज्ञात लोग यदि घूमते दिखते हैं तो भी आप हमें सूचित करिए पुलिस बल आपके साथ सदैव तत्परता से साथ देगा । साथ ही उन्होंने कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति थाने में किसी अपराध के विरुद्ध यदि भजन देने जाता है तो निश्चित किया जाएगा की सहजता से उसका आवेदन थानों में लिया जाए। इस अवसर पर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मेमन जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल उद्योग चैंबर के जिला अध्यक्ष शोएब अख्तर,कैट के जिला अध्यक्ष राजेश मंगतानी प्रियम केजरीवाल रिंकेश खन्ना चार्टर्ड अकाउंटेंट अरिहंत जैन, सिराज अंसारी,बाबे सरदार जी सहित अन्य के व्यापारी मौजूद थे।

# गुलाब के गढ़ में कमल ने लगाई सेंध,कांग्रेस व गोंडवाना के अध्यक्ष सहित 50 नेता हुए भाजपा में शामिल

भरतपुर सोनहत विधानसभा में भाजपा आई एक्शन मूड में,लगातार चल रही बैठक | अगले दो तीन दिनों में प्रत्याशी की हो सकती है घोषणा-सूत्र | चुनाव नजदीक आते ही स्थानीय विधायक व नेताओं का विरोध शुरू,स्वेक्षानुदान के बंदरबांट पर जनता में आक्रोश



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति दलों में गर्मी बढ़ गई है. एक तरफ जहां भाजपा ने पहली सूची जारी कर भाजपा के नेताओं सहित कांग्रेस पार्टी को चौका दिया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश भर में दल बदल की राजनीति भी गर्म है जो पूर्व में होता रहा है. इस बीच बात करें विधानसभा भरतपुर सोनहत की जहां वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं इस विधानसभा में वर्तमान विधायक गुलाब कमरों सहित तमाम कांग्रेसीयो का दावा है कि करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए हैं और लगातार विधायक अपने स्थिति को मजबूत करने का दावा करते हैं, लेकिन भाजपा अब इस विधानसभा में एक्शन मूड में आ गई है और लगातार नेताओं का दौरा भी सुरु है तथा बुथ से लेकर मण्डल स्तर तक के संगठन कार्यो का फीडबैक लिया जा रहा है और मजबूती से काम करने और चुनाव जीतने पर फोकस किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में दुसरे राज्यों के विधायक भी प्रभारी के रूप में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर रहे हैं, जिसमें कल सोनहत मण्डल में एक बैठक आयोजित किया गया था तथा क्षेत्र में भी नेताओं का दौरा हुआ. इस दौरान कांग्रेस पार्टी व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अध्यक्ष सहित 50 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। भाजपा नेताओं की माने तो कांग्रेस से नाराज़ कार्यकर्ताओं ने भाजपा ज्वाइन किया है एक ओर विधायक समर्थक इस विधानसभा में जीत का दावा कर रहे हैं तो दुसरी तरफ भाजपा एक जूट होकर कमल खिलाने का दावा कर रही है बरहाल 50 नेताओं के भाजपा प्रवेश से कांग्रेस बैकफुट पर आ गई है और मंथन करने पर विवश हो गई है क्योंकि की कितने भी दावे किये जाऐ लेकिन परिणाम घोषित होने तक जितने को लेकर दोनों पार्टियों का दावा सही साबित नहीं होगा।

### अगले दो दिनों में प्रत्याशी की हो सकती है घोषणा-सूत्र

विधानसभा भरतपुर सोनहत सीट पर दो तीन दिनों के भीतर प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो सकती है. यह इसलिए माना जा रहा है क्योंकि दो दिनों पूर्व छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी का कोरिया जिले में हुए आगमन पर उन्होंने बयान दिया है कि जल्द ही अधिक संख्या में दुसरी प्रत्याशियों की सूची जारी होगी अब देखने वाली बात होगी कि भरतपुर सोनहत सीट पर भाजपा की ओर से कौन कंडीडेट होगा।

## चुनाव नजदीक आते ही स्थानीय विधायक व नेताओं का विरोध शुरू, स्वेक्षानुदान के बंदरबांट पर जनता में आक्रोश

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में लगातार विधायक की खबरें आती रही कि विकास की गंगा बह रही है और वही भाजपा भी समय समय पर गलत कार्यों व भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर विरोध प्रदर्शन करती रही लेकिन पिछले सप्ताह भरतपुर सोनहत विधानसभा के विधायक की स्वेक्षानुदान की सूची शोशल मिडिया में वायरल हो गई जिसमें विधायक प्रतिनिधि के भाई, जनपद उपाध्यक्ष की बेटी, विधायक के करीबी शासकीय कर्मचारी की पुत्री, मिडिया प्रभारी तथा भरतपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की पत्नी सहित विधायक के ड्राइवर तथा अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को लाखों की राशि बांटने का मामला सामने आया है अब इस सूची को लेकर लगभग आम जनता से लेकर कांग्रेस के जमीनीस्तर के कार्यकर्ताओ व चौक चौराहे गांव गांव में विरोध सुरु हो गया है और आक्रोश बढ़ गया है जिससे विधायक की मुश्किलें बढ़ गई है क्योंकि चुनाव नजदीक है और जनता के सामने जाना है सवालों की बौछार होगी। चुनाव के सामने आते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं के लिए यह संकट की स्थिति निर्मित हो गई है . मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी पूर्व की तरह इस मौके का फायदा उठा रही है और जमकर विरोध कर रही है फिलहाल चुनाव में कांग्रेस वोट लेने क्या तोड़ निकालती है देखने वाली बात होगी।

# युवा कांग्रेस के द्वारा हितग्राही कार्ड का किया जा रहा है वितरण

### हितग्राही कार्ड के माध्यम से कार्यकर्ता जिले के हर घर जाएँगे और 'हितग्राही कार्ड' बनायेंगे

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी चंदन कुमार राय ने कहा सभी साथी यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ों पर काम करे। साथ ही भरोसा बरकार, फिर से कांग्रेस सरकार हितग्राही कार्ड के माध्यम से कार्यकर्ता जिले के हर घर जाएँगे और हितग्राही कार्ड बनायेंगे हितग्राही कार्ड में हितग्राही का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर होगा। जारी मोबाईल नम्बर पर कोई भी हितग्राही मिस्ड कॉल करके अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद ही सबसे पहले प्रदेश के किसानों का रू. 9270 करोड़ कर्ज और रू. 325 करोड़ सिंचाई कर माफ किया। जिसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिला है। 2500 रु में समर्थन मूल्य पर धान की ख़रीदी किया जा रहा है जो देश में सबसे अधिक है आगामी वर्ष में 2800 रूपये समर्थन मूल्य पर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी किया जाएगा, भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 7,000 रु सहायता छत्तीसगढ़ की सरकार दे रही है। आदिवासी क्षेत्रों में तेंदूपत्ता पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा 2,500 से बढ़ाकर 4,000 रु किया गया और व्यक्तिगत व सामुदायिक वनाधिकार पट्टों का रिकॉर्ड वितरण के साथ ही 07 की जगह अब 65 लघुवनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो रही है।






-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,29 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

इस समय छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस अपनी सरकार को दोबारा सत्ता में लने के लिए काफी मेहनत करती नजर आ रही है, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार के हितग्राही कार्ड को लेकर सभी के दरवाजे तक पहुंच रही और अपनी सरकार की योजनाओं को ग्राहियों को समझाया जा रहा है, ताकि हितग्राही वर्तमान सरकार की योजनाओं को लेकर दिग्भ्रमित ना हो। युवा कांग्रेस के कोरिया के जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी ने बताया कि सरकार की सारी योजनाएं हितग्राहियों को लाभांवित करने वाली है और विपक्षी पार्टी हितग्राहियों को दिग्भ्रमित कर रही है जिसे लेकर हम शासन की योजना को हितग्राही कार्ड के मध्यम से हितग्राहियों को बता रहे हैं और उनके मन में जो दुविधा है उसे हटा रहे हैं, ताकि वह विपक्षी पार्टियों की बातों से हितग्राही दिग्भ्रमित ना हो सके, शासन के जन कल्याणकारी नीतियों का आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है, यही वजह है की भरोसे की सरकार भूपेश बघेल की सरकार अबकी बार 75 पर करेगी, नगर पटना में युवा कांग्रेस कोरिया के द्वारा हितग्राही कार्ड का वितरण किया गया है, भरोसा है बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार है को लेकर युवा कांग्रेस क्षेत्र का भ्रमण किया कर हितग्राही कार्ड लोगो को देकर बता रहे है आप योजनों का लाभ ले, जिसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी, कयूम खान, दिवाकर सिंह, मनमोहन सिंह, गौस मोहम्मद।

### जिला युवा कांग्रेस कोरिया की बैठक हुई संपन्न

युवा कांग्रेस कोरबा लोकसभा प्रभारी व राष्ट्रीय संयोजक चंदन कुमार राय के कोरिया आगमन पर जिला युवा कांग्रेस कोरिया के नेतृत्व में बचरा पोंडी सामुदायिक भवन में यूथ जोड़ो-बूथ जोड़ों व हितग्राही कार्ड ÷भरोसा बरकरार, फिर से कांग्रेस सरकार÷ को लेकर युवा कांग्रेस कोरिया जिलाध्यक्ष राम सजीला यादव, जिला महासचिव नागेश्वर यादव, पूर्व जिला महासचिव विजेंद्र दास मानिकपुरी के द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया था, कार्यक्रम में मंच का संचालन शुभम तिवारी द्वारा किया गया।

### हितग्राही कार्ड का हुआ विमोचन

इस दौरान भरोसा बरकार, फिर से कांग्रेस सरकार हितग्राही कार्ड का विमोचन किया गया। बैठक के पश्चात हितग्राही कार्ड का डोर टू डोर कैंपेनिंग कार्यक्रम किया गया, जिसमें सभी युंका कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व सभी के द्वारा ग्रामीणों के पास जाकर हितग्राही कार्ड को भरा गया व शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिया गया। जिसमें आधे से अधिक ग्रामीणों के द्वारा यह बतलाया गया कि हमें शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक व कोरबा लोकसभा प्रभारी चंदन कुमार राय, जिलाध्यक्ष रामसजीला यादव, जिला महासचिव नागेश्वर यादव, पूर्व जिला महासचिव विजेंद्र दास मानिकपुरी, जिला संयोजक महेश चक्रधारी, शुभम तिवारी, मुस्ताक अंसारी, धर्मेंद्र सिंह, शंकर सिंह, गजेंद्र सिरदार, नीरज यादव, फुलसाय सिरदार, कृष्णा सिंह, अजय उईके, राम कुमा, अरविंद पैकरा, गोविंद यादव, मधु सूदन, सुनील चौधरी, प्रभात कुमार, शिव सिंह, महेंद्र सिंह, राजेश कुर्रे, संत राम रजवाड़े, पुनर्वसु नारायण, बृजेश दीवान, हेमंत सिंह , अमर सिंह, चंद्र प्रताप सिंह , जगत सिंह , इस्लाक अंसारी उपस्थित रहें।

CMYK

# आखिरकार समाजसेवियों के प्रयासों ने कर दिखाया कमाल

# हिंदू-मुस्लिम हुए एक,दोनों पक्षों में हुआ समझौता

शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश गौतम,राजनीति में सक्रिय व समाजसेवी आशीष त्रिपाठी,नपा के पार्षद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष एवं मुस्लिम पक्ष के सदर सलीम,मो. इजराइल और अन्य सभी लोगों ने दोनो पक्षों को एक मंच पर लाकर आखिरकार समझौता कराकर शहर की अमन शांति और खुशहाली बनी रहे इसके लिए सभी ने भरपूर प्रयास किया। जिसका परिणाम ये रहा कि 26 एवं 27 अगस्त 2020 के दरम्यान अनूपपुर शहर में हुए हिंदू-मुस्लिम दंगे में लगभग 3 साल बाद 22 अगस्त 2023 को न्यायालय अनूपपुर में समझौता हुआ और कोर्ट ने दोनो पक्षों को दोषमुक्त कर दिया।



अरविन्द द्विवेदी
अनूपपुर,29 अगस्त 2023 (घटती घटना)

उक्त घटना आज से लगभग तीन वर्ष पूर्व की है जब अनूपपुर निवासी पुष्पक ने फेसबुक पर धर्म के खिलाफ एक पोस्ट शेयर किया था। जिसके बाद शहर के लगभग 20 मुस्लिम लड़के टीआई नरेंद्र पॉल और अकबर खान की शह पाकर पुष्पक को बीच बाजार में मारते-पीटते थाना लेकर गए थे। वहीं उक्त घटना का आधे मिनट का वीडियो एक लडके के द्वारा बनाया गया, वीडियो के वायरल होते ही अक्रोशित हिंदू युवक थाने पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। मामला घंटे भर में सोशल मीडिया पर इतना ज्यादा वायरल हो गया कि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के द्वारा प्रशासन को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। परंतु पुलिस ने कार्यवाही छोड़ हिंदू प्रदर्शनकारी शिभू पटेल और कई अन्य को सड़क में आधीरात में दौड़ा-दौड़ा कर मारा, जिसके विरोध में अगले दिन जिले की आमजनता और व्यापारी संघ ने बंद का आहवान कर उग्र प्रदर्शन और नारेबाजी की।




## टीआई के खिलाफ ज्ञापन देने पर पीयूष, ज्ञानेंद्र,गंगा व अन्य बने आरोपी

थाना प्रभारी नरेंद्र पॉल की बर्बरता के खिलाफ 27 अगस्त 2020 को ही सर्किट हाउस अनूपपुर में तत्कालीन मंत्री बिसाहुलाल सिंह के समक्ष टीआई को बर्खास्त करने और संलिप्त पुलिसवालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु पीयूष पटेल, ज्ञानेंद्र राठौर, गंगाराम, नरेश गुप्ता, राहुल अग्रहरि, गौरव और जिले के हजारों युवकों ने नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन दिया था। जिसके फलतः टीआई ने सभी के खिलाफ दंगा में दोहरे मुकदमे दर्ज किए। पीयूष, ज्ञानेंद्र और गंगाराम के खिलाफ 26 अगस्त से 5 सितंबर 2020 के बीच मात्र 10 दिन में 3 एफआईआर और 9 माह के भीतर 4 (363/20, 364/20,376/20, 252/23 एफआईआर दर्ज किए गए थे।

## तीन की गिरफ्तारी, 08 अन्य युवकों को भी बनाया गया आरोपी

दंगा प्रकरण के सभी मामले अज्ञात के खिलाफ दर्ज किए गए, परंतु शहर के लगभग 70 युवकों को नामजद कर उन्हें ब्लैकमेल किया गया और उनसे मोटी रकम वसूली गई। 2020 अनूपपुर विधान सभा उपचुनाव के एक सप्ताह पूर्व पीयूष, ज्ञानेंद्र, गंगाराम की गिरफ्तारी की गई। स्थानीय नेताओं के विरोध के बाद पुलिस के द्वारा कहा गया कि दंगे के प्रकरण में अब और किसी का नाम नहीं जोड़ा जाएगा। परन्तु चुनाव संपन्न होते ही 8 अन्य युवकों को आरोपी बनाया गया जिसमे दीपक पटेल, नरेश गुप्ता, राहुल अग्रहरि, गौरव केवलानी, राहुल रजक, रवि गुप्ता, शानू गुप्ता, मनोज राठौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से सबको जमानत पर रिहा किया गया।

## न्याय की लगाई गुहार,नेताओं और मंत्रियों से मिला महज आश्वासन

अपने खिलाफ प्रदर्शन और धरना का बदला लेने के लिए पुलिस ने युवकों पर सिर्फ मुकदमे दर्ज नही किए सारी सीमाएं लांघते हुए युवकों पर कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और जिलाबदर तक की कार्यवाही कर दी गई। प्रकरण में कई ऐसे युवकों का भी नाम साजिशन दर्ज किया गया जो उस दिन उस विरोध प्रदर्शन में शामिल ही नही थे। वहीं न्याय के लिए युवकों ने कई नेताओं और मंत्रियों के दरवाजों में दस्तक दी, न्याय की गुहार लगाई पर आश्वाशन के अलावा और कुछ न मिल सका। वहीं एक सप्ताह पूर्व ही माननीय हाईकोर्ट ने शासन बनाम पीयूष पटेल में एक जबरदस्त फैसला देते हुए न केवल पुलिस और कलेक्टर अनूपपुर के फैसले को सरासर गलत बताया बल्कि राज्य के ऊपर दस हजार का जुर्माना भी लगाया।

## आशीष त्रिपाठी एवं राकेश गौतम ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यायालय से दोषमुक्त का आदेश आते ही ज्ञानेंद्र,नरेश,राहुल,गंगाराम एवम सभी युवकों ने आशीष त्रिपाठी और राकेश गौतम जी का मुंह मीठा कराकर आभार व्यक्त किया। वैसे तो सभी आरोपी हिंदूवादी पार्टी और संगठनों के कार्यकर्ता रहे हैं। लेकिन तीन वर्ष से दरबदर के ठोकरे खाने एवं थाना और न्यायालय के चक्कर लगाने के बाद सवाल यह उठता है कि आखिर आने वाले विधानसभा चुनाव में आखिर ये युवक किस पार्टी के साथ जायेंगे.? क्योंकि सभी दोषमुक्त आरोपी शहर और जिले के चर्चित और लोकप्रिय युवक हैं, साथ ही सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय और अच्छी पकड़ रखते हैं इसलिए निश्चित ही इनका निर्णय चुनाव के परिणाम को बदल सकता है।

# ऑटो संघ की आड़ लेकर महिला के साथ किया गया अभद्र व्यवहार

-संवाददाता-
कोरबा,29 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरबा शहर के आईटीआई कोसाबाड़ी, निहारिका, घंटाघर, सीएसईबी से गुजरने वाली मुख्य सड़क तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में सवारियों को ढोने वाले ऑटो रिक्शा नियमों को ताक पर रखकर लोगों के लिए असुविधा का कारण बनते जा रहे हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र में काफी संख्या में ऑटो रिक्शा हैं जो सवारियों को प्रतिदिन एक स्थान से दूसरे स्थान लाने व ले जाने का काम करते हैं। इस दौरान कई बार देखा जाता है के ऑटो रिक्शा ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर लोगों की जान की परवाह किए बगैर सडकों पर ऑटो को दौड़ते है । एक दूसरे से पहले व ज्यादा सवारिया बैठाने की होड़ में ऑटो चालकों का लडना-झगड़ना तो आम बात है। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ये कानून के साथ-साथ सवारियों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। निहारिका घंटाघर बुधवारी सीतामढ़ी टीपी नगर रोड पर कहीं भी खड़ी सवारी को देखते ही ऑटो रिक्शा को ब्रेक लगा दी जाती है, रिक्शा चालकों को पीछे किसी वाहन के आने की कोई परवाह नहीं होती और यदि इस दौरान ऑटो रिक्शा की अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे



आ रहे वाहन चालकों द्वारा यदि गलती से ऑटो में धक्का लग जाए तो ये मारपीट तक ले उतारू हो जाते है द्य स्थानिय दुकानदारों ने बताया कि कोई दुर्घटना होने पर आटो चालक उल्टा दूसरे वाहन चालक का ही कसूर निकालकर झगड़ने लगते हं । जिले में एक ऐसा ही मामला ऑटो संघ के आड़ में गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है जहां एक कार चालक को ऑटो चालको ने घेर कर हाथापाई करते हुए एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार करते देखा जा रहा है और कहा जा रहा है कि बड़े-बड़े नेता गए ऑटो संघ से ऑटो संघ बड़े-बड़े दिग्गज नेता को मारते हैं,इस प्रकार खुलेआम ऑटो संघ के नाम पर आम पब्लिक से गुंडागर्दी ऑटो चालक कर रहे हैं द्य वैसे तो ऑटो चालकों द्वारा नियम विरुद्ध ऑटो में ठूस ठूस कर सवारी भरते हैं, रॉन्ग साइड से तेज गति से ऑटो चलते हुए कहीं भी अचानक रोक देते हैं जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, और कोई भी पब्लिक अगर इनके आटो में धोखे से भी अपनी गाड़ी को टच कर दिया तो पूरे ऑटो चालक एकजुट होकर उस पर टूट पड़ते हैं और ऑटो संघ की आड़ में उसको धमकाते हुए हाथापाई में उतर आते है।


इस विषय पर जब ऑटो संघ के सदस्य से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जो आदमी वीडियो में दिख रहा है वह आदमी ऑटो संघ का नहीं है कोई आम आदमी है, लेकिन वह आम आदमी केवल ऑटो संघ का ही नाम क्यों ले रहा है ?

# रिश्वत के बिना खड़गवां क्षेत्र में नहीं करते पटवारी ग्रामीणों का काम!

## कोरिया एवं एमसीबी जिले में ग्रामीण से पटवारी ने कम से कम 10 हजार रुपए का रेट रिश्वत का लगभग फिक्स कर रखा है

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,29 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरिया और एमसीबी जिले के राजस्व विभाग में अंधेर नगरी मची हुई है चाहे वो छोटे कर्मचारी क्यों ना हो इससे लेकर बड़े अधिकारी तक लोगों को इस कदर परेशान कर रखा है कि लोग यह कहने लगे हैं की कौन सी सरकार आएगी तब जाकर राजस्व के मामले में लोगों की परेशानी खत्म होगी। राजस्व मामले में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता यह कोई आम बात नहीं है और कई बार रिश्वत के साथ पटवारी पकड़े भी गए हैं पर इसके बावजूद यह रिश्वत वाला चलन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा ऐसा लग रहा है कि इन्हें तनख्वाह ही रिश्वत लेने की दी जा रही है बिना रिश्वत के एक कागज पर साइन नहीं होता कई ऐसे मामले देखे जा चुके हैं इसके बावजूद इस पर नियंत्रण लगा पाने में सरकार भी नाकाम होती दिख रही है। पटवारियों को तो हाल और भी बुरा है पटवारी हर काम के लिए बिना पैसे के कागज पर हस्ताक्षर नहीं करते सील लगाकर रखेंगे पर हस्ताक्षर तो पैसा मिलने के बाद ही करेंगे। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है जहां जिला एम सी बी के खड़गवां तहसील क्षेत्र सलका ग्राम के अंतर्गत के ग्रामीण भगवान दास साहू ने मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर से लिखित शिकायत दिनांक 10/7/2023 की गई है जमीन खरीदी हेतु हल्का पटवारी सूरज कुमार हल्का नंबर 06 ने ग्राम सलका खसरा नंबर 585/1 का चौहद्दी बनाने के नाम हेतु गया था पटवारी द्वारा जमीन में कुछ कमी बताकर उसे पूरा कराकर चौहद्दी बनाने के नाम पर प्राथी से एक लाख पचास हजार रूपए (150000 )के नाम पर स्वीकार कर लिया गया और फिर पटवारी द्वारा एक लाख रुपए एडवांस में प्राथी के काम कराने के नाम पर मनु लाल मनीष शर्मा बलराम के समक्ष सूरज कुमार पटवारी द्वारा एक लाख रुपए ले लिया गया बाद में भगवान दास साहू को एक सप्ताह बाद चौहद्दी बनाकर कर उस जमीन का पटवारी द्वारा दिया गया उसके सुबह अगले दिन पटवारी द्वारा चौहद्दी को वापस ले लिया गया यह कहकर कि चौहद्दी में कुछ त्रुटियां हैं उसे पुनः सुधाकर दे दूंगा दो दिन बाद प्राथी को पता चला कि उस जमीन को किसी और के नाम पर पटवारी द्वारा रजिस्ट्री कर दिया गया है और प्रार्थी द्वारा पटवारी से पैसा वापस मांगने पर पटवारी द्वारा गाली गलौज किया जाता है और पैसा वापस नहीं दिया जा रहा है जिस पर भगवान दास साहू के द्वारा लिखित शिकायत जांच कर दोषी पटवारी सूरज कुमार पर उचित कार्यवाही करने की मांग करते हुए प्रार्थी के द्वारा दिया गया पैसा वापस दिलाने की मांग की है। पटवारीओ द्वारा समस्त कार्यो के लिए ग्रामीणो को अपने निजी आवास में बुलाया जाता है। ग्रामीणो का कार्य तभी होता है जब पटवारी के द्वारा निर्धारित रेट की रकम जब तक ग्रामीण ना दे तब तक उसे घुमाया जाता है। यहां तक कि पटवारी कार्यों के लिए रेट निर्धारित करके रखे हुए है।



जबकि खड़गवां विकास खण्ड के पोड़ी बचरा क्षेत्र में एक पटवारी के द्वारा मोबाइल पर पैसा मांगने की रिकार्डिंग वायरल हुई थी जिस पर कार्यवाही भी हुई और खड़गवां के देवाडाड क्षेत्र के पटवारी को विधायक मनेंद्रगढ़ ने फटकार लगाई थी कि ग्रामीणों से रिश्वत की मांग पर अंकुश लगे। पटवरियों पर प्रशासनिक कसावट नही होने से पटवारी बेलगाम से हो गए है। अपने हल्का में कभी बैठते नही है। बल्कि अपने निजी निवास को ही अपना हल्का बना कर रखे हुए है। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से कई दफा करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है जिसके कारण इनका हौसला काफी बुलंद हो गया है?

इस संबंध में हल्का पटवारी सूरज कुमार से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि ये शिकायत और आरोप झूठा है मेरे द्वारा किसी प्रकार कि कोई राशि की मांग नहीं गई है यह प्रकरण खड़गवां अनुविभागीय अधिकारी के यहां पर विचाराधीन है।

## कलेक्टर सौरभ कुमार ने जनचौपाल में गरीब साबू बाल्मीकि के बेटे के उपचार के लिए दिए निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,29 अगस्त 2023 (घटती घटना)

कलेक्टर सौरभ कुमार ने जनचौपाल में आमनागरिकों की समस्याओं को सुना। जनचौपाल में अपनी फरियाद लेकर पहुँचे गरीब साबू वाल्मीकि ने जब कलेक्टर को बताया कि उनके सात साल के बेटे को बीमारी है। झटका भी आता है। वह खुद भी बहुत गरीब है तो कलेक्टर ने साबू वाल्मीकि (बदला हुआ नाम) के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था के साथ अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जनचौपाल में कुछ लोग कलेक्टर को उपहार देने उनका स्वागत करने पहुँचे थे। जनचौपाल की कतार में आएं ऐसे लोगों से कलेक्टर ने बहुत ही संवेदनशीलता के साथ कहा कि यह जनचौपाल है,लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए लगाया गया है, यहाँ स्वागत और गिफ्ट की आवश्यकता नहीं है, वापस जाइये या कोई समस्या हो तो बताइए। उन्होंने गिफ्ट लेने और खुद के स्वागत से इंकार कर दिया।

# एनटीपीसी भू-विस्थापित परिवारों ने अपने ऊपर मिट्टीतेल डाल पहुंचे जनदर्शन में

-संवाददाता-
कोरबा,29 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिले में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल मच जब जिला कलेक्ट्रेट में विगत 04 महीनो से लगातार एनटीपीसी भू विस्थापितो द्वारा एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ भूमि के बदले नौकरी को लेकर आंदोलन किया जा रहा था जिसपर उन्होंने कई बार मीडिया के माध्यम से साथ ही प्रबंधन के सामने जाकर एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहण किए गए उनके जमीन के एवज में नौकरी की बात को याद दिलाने की कोशिश की गई पर प्रबंधन द्वारा टालमटोल की नीति अपनाकर अब तक उन्हें नौकरी नहीं दिया गया जिसको लेकर भू विस्थापित तानसेन चौक पर 04 महीनो से





हड़ताल कर रहे थे पर प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की सुनवाई होता ना देख कलेक्ट्रेट में लगने वाले जनदर्शन में लगभग नौ परिवार के सदस्य अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क कर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच गए, जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल मच गया द्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी के द्वारा उनके जमीनों का अधिग्रहण करने के पश्चात भी उन्हें नौकरी नहीं दिया जा रहा है एवं इतने दिनों से धरने पर बैठने के बावजूद भी एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार से उनकी शुद्ध नहीं ली गई बरहाल भू विस्थापितों को प्रशासन के द्वारा समझाइश दी जाने के बाद मामला शांत हुआ।

## कार्यालय नगर पंचायत,लखनपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

E-MAIL- CMOLAKHANPUR@GMAIL.COM WWW.NPLAKHANPUR.IN PHONE-07774-261501

क्रमांक/828/स्थां./न.पं./2023-24 लखनपुर दिनांक- 28.08.2023

:: ईप्रोक्योरमेंट निविदा सूचना::

नगर पंचायत लखनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है.-

| सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड कर जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 145761 | Construction of Development & Talab Beautification Work at Dussehra Talab ward no.11 Lakhanpur | 39.62 | 21.09.2023 |

टीप:- 01 उपरोक्त कार्यो की निविदा की समान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदाविज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत लखनपुर
जिला-सरगुजा (छ0ग0)

30 अगस्त 2023

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308020700059

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
नवागढ़ प.ह.न. 00013 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-शिवनंदन राम ,
अनावेदक पक्षकार- कोई नहीं,

ईश्तहार

आवेदक शिवनंदन राम आ0स्व0 लब्दु, निवासी ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नवागढ़ स्थित खसरा नंबर 221/2,222,223, 224/1 रकबा क्रमशः 0.109, 0.008, 0.020, 020 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/09/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील

तहसील
सरगुजा (अम्बिकापुर)

# वर्ल्ड कप 2023 के लिए इस दिन होगा टीम इंडिया के स्क्वॉयड का ऐलान

**नई दिल्ली,29अगस्त 2023।** भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज होना है। वहीं टूर्नामेंट का आखिरी मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा। आईसीसी ने वर्ल्ड कप के लिए कोर टीम घोषित करने की 5 सितंबर की तारीख तय की है।
कोर टीम का मतलब है कि इसमें बगैर आईसीसी की मंजूरी के बदलाव करने की गुंजाइश रहेगी। लेकिन आईसीसी ने वर्ल्ड कप के लिए फाइनल 15 सदस्यीय टीम घोषित करने के लिए आखिरी तारीख 28 सितंबर तय की है।

### 3 सितंबर को टीम इंडिया का ऐलान!

वहीं सभी 10 देशों को अपनी फाइनल टीम घोषित करनी होगी। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड समेत कुछ देशों ने अपनी टीमें घोषित कर दी है। इसके साथ ही




अब 3 सितंबर को वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान हो सकता है। बीसीसीआई वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान 3 सितंबर यानी रविवार को कर सकते हैं। कप्तानी रोहित शर्मा के हाथों में ही रहेगी। वहीं इसमें 2 खिलाड़ियों को बतौर रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा जा सकता है। इन रिजर्व खिलाड़ियों में प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिन ऑलराउंडर तिलक वर्मा हो सकते हैं।
वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को एशिया कप भी खेलना है। एशिया कप के लिए बीसीसीआई ने 17 सदस्यीय टीम चुनी जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। संजू को केएल राहुल के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, केएल राहुल एशिया कप में पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ मुकाबलों में नहीं खेलेंगे।

### ऐसी हो सकती है टीम इंडिया की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, केएल राहुल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव।
रिजर्व खिलाड़ी- तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा

**इगा स्वियातेक,कोको गॉ के फैंस के लिए खुशखबरी**

## जीत से हुआ टूर्नामेंट का आगाज

**न्यूयॉर्क,29अगस्त 2023।** विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक और स्थानीय दावेदार कोको गॉ ने अमेरिकी ओपन टेनिस में अपने-अपने अभियान का आगाज जीत के किया। छठी वरीयता प्राप्त उन्नीस साल की गॉ ने जर्मनी की क्वालीफायर खिलाड़ी लॉरा सीगमंड के खिलाफ शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में अपने



पिछले दोनों मैचों को गंवाने वाली गॉ को इस मुकाबले को जीतने में दो घंटे 51 मिनट का समय लगा। विम्बलडन के शुरूआती दौर में बाहर होने वाली गॉ की पिछले 13 मैचों में यह 12वीं जीत है। पोलैंड की स्वियातेक को रेबेका पेटरसन की चुनौती को खत्म करने में कोई परेशानी नहीं हुई। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 58 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले को 6-0, 6-1 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को रेबेका मासारोवा के खिलाफ उलटफेर का शिकार होना पड़ा। 71वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ने सकारी को 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। शुरूआती दौर में हार का सामना करने वाली वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 16वें स्थान काबिज वेरोनिका कुडरमेतोवा भी शामिल हैं। उन्हें अमेरिका की बर्नार्डा पेरा ने 7-5, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त होलगर रुने को 63वीं रैंकिंग के खिलाफ रोबर्टो कारबालेस के खिलाफ शिकस्त मिली। कारबालेस ने बीस साल के रुने को इस मुकाबले में 6-3, 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2020 के विजेता डोमिनिक थीम को अलेक्जेंडर बुलबिक की चुनौती को खत्म करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। ऑस्ट्रेलिया के इस खिलाड़ी ने 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की।

**मिशेल ओबामा ने की बिल्लीजीन किंग की सराहना**

## उन्होंने पुरुषों के समान महिलाओं को पुरस्कार राशि दिलाने में दिया अहम योगदान

**न्यूयॉर्क,29अगस्त2023।** अमेरिकी ओपन में पुरुषों के बराबर महिलाओं को पुरस्कार राशि मिलने की 50वीं वर्षगांठ पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल यहां के आर्थर ऐश स्टेडियम में मौजूद थे, जहां कोको गॉ ने अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। मिशेल ने इस ग्रैंडस्लैम में महिलाओं को पुरूषों के बराबर पुरस्कार राशि मिलने की 50वीं वर्षगांठ पर बिली जीन किंग के योगदान को याद किया। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ने गॉ के मैच के बाद कहा ''बिली जीन से हमें सीख मिलती है कि जब चीजें संतुलित हो तो हम सभी के पास चुनाव करने का विकल्प होता है। हमारे पास दो विकल्प होता है, हम या तो चुपचाप बैठ कर इंतजार कर सकते हैं और उम्मीद कर सकते हैं कि कोई और हमारी लड़ाई लड़े। दूसरा विकल्प यह



है कि हम अपनी लड़ाई खुद लड़े।'' उन्होंने कहा, '' हम अपनी बात कहने के लिए किसी भी मंच का उपयोग कर सकते हैं और हमने जो प्रगति की है उसकी रक्षा के लिए आवाज उठा सकते हैं। हम बेटियों के लिए समान अवसर प्रदान कर सकते हैं।'' अमेरिकी ओपन के वर्ष 1972 के सत्र में बिली को पुरस्कार राशि में 10,000 डॉलर मिले थे जो पुरुष खिलाड़ी को मिली पुरस्कार राशि से 15,000 डॉलर कम थे।
उन्होंने अगले साल स्पर्धा में ना खेलने की चुनौती देते हुए कहा कि कोई महिला खिलाड़ी इसमें भाग नहीं लेगी। इसके बाद वह एक प्रायोजक को लेकर आई जिससे अगले की स्पर्धा में इस अंतर को खत्म करने मदद की। साल 1973 में पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को समान 25,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलने लगी। इसके लगभग 30 साल के बाद विंबलडन में भी पुरुष और महिला एकल विजेताओं को एक समान राशि दी जाने लगी।

## स्मृति ईरानी ने स्वर्ण पदक विजेता भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम को सम्मानित किया

**नईदिल्ली,29अगस्त 2023।** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बर्मिंघम में इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड गेम्स में अपने शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हरा दिया।
टीम के यहां पहुंचने पर क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ-साथ क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन इंडिया के अधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया।
आगमन के बाद भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने स्मृति ईरानी से मुलाकात की, जहां केंद्रीय मंत्री ने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरे दल को सम्मानित किया।
स्मृति ईरानी ने एक बयान में कहा, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने साबित कर दिया है कि भारत की बेटियां वैश्विक मंच पर अमिट छाप छोड़ सकती हैं। मैं देश की ओर से टीम को बधाई देती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमारी विजेता टीम और इन लड़कियों की उपलब्धि को मान्यता दी है। ये 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड एंबेसडर हैं।
क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी किवदासनवर ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को उनके उदार भाव के लिए धन्यवाद दिया।


## किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली,29अगस्त 2023।** भारतीय फुटबॉल टीम को किंग्स कप टूर्नामेंट में करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की सेवाएं नहीं मिलेगी और उनकी गैरमौजूदगी में मनवीर सिंह अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व करेंगे। टीम के नियमित कप्तान छेत्री पिता बनने वाले है। बच्चे के जन्म के समय परिवार को समय देने के लिए उन्हें इस टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है। छेत्री हालांकि एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में मौजूद रहेंगे।
चार देशों की इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। इसका आयोजन थाईलैंड के चियांग माई में सात से 10 सितंबर तक होगा। टूर्नामेंट के 49 वें सत्र के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। मनवीर को अग्रिम पंक्ति में रहीम अली और राहुल केपी का साथ मिलेगा। ब्रैंडन फर्नांडिस और सुरेश वांगजम की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है, जिससे छेत्री की अनुपस्थिति में भी काफी संतुलित दिखती है।
टीम की रक्षापंक्ति की कमान अनुभवी संदेश झिंगन और सुभाशीष बोस संभालेंगे जबकि मिडफील्ड में अनिरुद्ध



थापा, रोशन नाओरेम सिंह, सहल अब्दुल समद और ब्रैंडन जैसे खुद को साबित कर चुके खिलाड़ी शामिल हैं। गुरप्रीत सिंह संधू और अमरिंदर गोलकीपर की भूमिका निभायेंगे। विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम सेमीफाइनल में सात सितंबर को 70वीं रैंकिंग की टीम इराक से भिड़ेगी। मेजबान थाईलैंड (113वीं रैंकिंग) दूसरे सेमीफाइनल में लेबनान (100वीं रैंकिंग) का सामना करेगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमें 10 सितंबर को फाइनल मुकाबला खेलेगी जबकि हारने वाली टीमों के बीच इसी दिन तीसरे और चौथे स्थान का प्लेऑफ होगा। भारतीय टीम ने पिछली बार 2019 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। टीम ने तब कांस्य पदक जीता था।
भारतीय टीम- गोलकीपर- गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह। डिफेंडर आशीष राय, निखिल पुजारी, संदेश झिंगन, अनवर अली, मेहताब सिंह, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा, सुभाशीष बोस।
मिडफील्डर जैक्सन सिंह थौनाओजम, सुरेश सिंह वांगजम, ब्रैंडन फर्नांडिस, सहल अब्दुल समद, अनिरुद्ध थापा, रोहित कुमार, आशिक कुरुनियान, नाओरेम महेश सिंह, लालियानजुआला छांगते। फॉरवर्ड- मनवीर सिंह, रहीम अली, राहुल केपी।

## बीसीसीआई मीडिया राइट्स के लिए 3 बड़ी कंपनियां रेस में:रिपोर्ट




**नई दिल्ली,29अगस्त2023।** बीसीसीआई मीडिया राइट्स के लिए 31 अगस्त के दिन ऑक्शन होना है। मीडिया राइट्स के लिए डिज्नी स्टार के अलावा सोनी स्पोर्ट्स और वॉयकाम-18 ने भी काफी दिलचस्पी दिखाई है।
भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने चार साल के लिए मीडिया राइट्स का टेंडर जारी किया है। यह सितंबर-2023 और मार्च-2027 चक्र के मीडिया राइट्स होंगे, जिसे हासिल करने के लिए कई बड़ी कंपनियों में जंग छिड़ गई है।
मीडिया अधिकारों की नीलामी 31 अगस्त को होने वाली है। इसमें कहा गया है कि ज़ी और फैनकोड जैसी अन्य संस्थाओं के साथ-साथ दो अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों, गूगल और अमेज़ॉन ने आयोजित तकनीकी अधिकारों की बोली जो हुई उसमें भाग नहीं लिया।
रिपोर्ट में कहा गया, तकनीकी बोलियां जमा करने के लिए निर्दिष्ट दिन था, जिसके दौरान नियामक मूल्यांकन करता है कि क्या प्रतिभागी निविदा आमंत्रण (आईटीटी) में उल्लिखित मानदंडों को पूरा करते हैं। इसलिए, तकनीकी बोली आगामी ऑनलाइन नीलामी में भागीदारी की दिशा में पहला कदम है।
भारतीय मीडिया अधिकार प्रसारण चक्र, जिसमें घरेलू कैलेंडर भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ मैचों के साथ शुरू होता है ङ्क सितंबर में तीन वनडे और इस साल नवंबर में पांच टी20।
तीन वनडे मैच 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप से पहले हैं, जबकि पांच टी20 मैच 19 नवंबर को मेगा इवेंट के समापन के बाद होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज़ी की अनुपस्थिति का मतलब है कि वह बोली प्रक्रिया में सोनी स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी कर सकती है।
सोनी-ज़ी द्वारा एक संयुक्त बोली भी एक संभावना बनी हुई है, यह देखते हुए कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इसकी अनुमति दे रहा है हालांकि, यह प्रावधान पिछले मीडिया अधिकारों की नीलामी में गैरहाजिर था, विशेष रूप से पिछले साल आईपीएल अधिकार नीलामी में।
अप्रैल 2018 में स्टार इंडिया ने सोनी स्पोर्ट्स और वायाकॉम 18 को पछाड़कर अगले पांच वर्षों के लिए 6,138.1 करोड़ रुपये की भारी राशि पर अखिल भारतीय द्विपक्षीय और घरेलू मैचों के टेलीविजन प्रसारण और डिजिटल अधिकार बरकरार रखे।

## पाकिस्तान ने पुरुष वनडे विश्व कप से पहले नई जर्सी का किया अनावरण

**लाहौर ,29अगस्त2023।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक लॉन्च इवेंट में आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले सीनियर पुरुष टीम के लिए बिल्कुल नई जर्सी का अनावरण किया है।
इसे 'स्टार नेशन जर्सी' कहा जा रहा है। इस जर्सी का अनावरण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ के नेतृत्व में एक भव्य समारोह में किया गया।
जका अशरफ ने बताया, स्टार नेशन जर्सी हमारे क्रिकेटर्स और उत्साही फैंस के बीच स्थायी बंधन की गवाह है, जो हर मैच में टीम के साथ खड़े रहते हैं। यह जर्सी हमारी समृद्ध क्रिकेट विरासत और उज्ज्वल भविष्य को दर्शाती है।
पीसीबी ने कहा कि स्टार नेशन जर्सी इंटरनेट पर प्री-ऑर्डर के लिए भी उपलब्ध है। यह महज एक कपड़ा नहीं है, यह पाकिस्तान के क्रिकेट नायकों और उनके दृढ़ समर्थकों के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है।
आकाशीय पिंडों से प्रेरणा लेते हुए इसका प्रत्येक सितारा प्रतिभा, आकांक्षा और क्रिकेट उपलब्धियों




की उज्ज्वल चमक का प्रतीक है। यह डिज़ाइन दर्शन क्रिकेट की उत्कृष्टता की भावना को समाहित करता है, जो हर पाकिस्तानी क्रिकेट प्रेमी के साथ गहराई से जुड़ता है।
शीर्ष रैंकिंग वाली पाकिस्तानी वनडे टीम 30 अगस्त से 17 सितंबर तक एशिया कप में दिखेगी। टूर्नामेंट का सह-मेजबान पाकिस्तान 30 अगस्त को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में नेपाल के साथ खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत करेगा। इसके बाद पाकिस्तान की 2 सितंबर को पल्लेकेले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से भिड़ंत होगी।
ग्रूप ए और बी से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर में पहुंचेंगी, जहां वे कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीन और गेम खेलेंगी। यहां 17 सितंबर को फाइनल भी खेला जाएगा।
जबकि, पाकिस्तान पुरुष वनडे विश्व कप टूर्नामेंट की शुरुआत 6 अक्टूबर को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम (उप्पल) में नीदरलैंड के खिलाफ करेगा। फिर, उप्पल में ही 10 अक्टूबर को श्रीलंका से भिड़ेगा।


## के के मेनन स्टारर बंबई मेरी जान की रिलीज डेट का ऐलान




प्राइम वीडियो ने अपने आने वाले क्राइम ड्रामा, बंबई मेरी जान के ग्लोबल प्रीमियर की घोषणा कर दी है. 10-एपीसोड वाली इस सीरीज़ का प्रीमियर 14 सितंबर को भारत और 240 देशों में प्राइम वीडियो पर होगा. एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित, एस. हुसैन जैदी की कहानी के साथ, बंबई मेरी जान रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा क्रिएट की गई हैं. वहीं ये सीरीज शुजात सौदागर द्वारा निर्देशित हैं. इस सीरीज में अमायरा दस्तूर अहम रोल में हैं. जबकि के के मेनन, अविनाश तिवारी, कृतिका कामरा और निवेदिता भट्टाचार्य जैसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली कलाकार भी इसका हिस्सा हैं. यह फिक्शनल क्राइम सीरीज एक पिता और बेटे की एक मनोरंजक कहानी है, दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. ये सीरीज अच्छाई वर्सेज बुराई की क्लासिक, यूनिवर्सल लड़ाई की खोज करती है. आजादी के बाद के दिनों पर आधारित, यह कहानी एक युवा, दारा कादरी (तिवारी द्वारा अभिनीत) के जीवन और उत्थान को दर्शाती है, जो अपने पिता की कानून प्रवर्तन विरासत (मेनन द्वारा अभिनीत) और संगठित अपराध के केंद्र में अपनी यात्रा के बीच उलझा हुआ है .इस पर बात करते हुए प्राइम वीडियो में इंडिया ओरिजिनल्स की हेड अपर्णा पुरोहित ने कहा, बंबई मेरी जान सपनों और महत्वाकांक्षाओं की एक जटिल और दिलचस्प कहानी है, जहां सत्ता के लिए कभी न मिटने वाली भूख किसी की पसंद को परिभाषित करती है. कहानी एक सिम्फनी की तरह है जो अपने मेन किरदारों की सोच और भावनाओं को गहराई से उजागर करती है, क्योंकि वे अपनी पसंद के परिणामों से जूझते हैं. एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी ने कहा, आजादी के बाद के युग पर आधारित, बंबई मेरी जान एक आजाद राष्ट्र की पृष्ठभूमि पर मुंबई में अंडरवर्ल्ड के जन्म की कहानी कहती है. दर्शक एक एंटरटेनिंग गैंगस्टर थ्रिलर देखेंगे, जो अच्छाई वर्सेज बुराई की क्लासिक, यूनिवर्सल लड़ाई को एक्सप्लोर करेगी. वहीं, शो के निर्माता शुजात सौदागर ने साझा किया, बंबई मेरी जान नेचर वर्सेज पालन-पोषण की जटिलता से संबंधित है. इसकी तरह की थीम बेस्ड ख़राब रिश्तों से जुड़ी कहानियां मुझे हमेशा सिनेमाई नरेटिव कहने के लिए आकर्षित करती हैं. बंबई मेरी जान एक ऐसे परिवार की गाथा बुनती है जो आजाद मुंबई के विकास के साथ-साथ अपनी परेशानी और मुश्किल अनुभवों के जरिए से बस और बढ़ रहा है.

## श्वेता शारदा करेंगी मिस यूनिवर्स 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व

भारत को नई मिस डीवा मिल गई है, जो 72वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये खिताब जीता है चंडीगढ़ की श्वेता शारदा ने। बीती रात मुंबई में मिस डीवा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें श्वेता के सिर मिस डीवा का ताज सजा। उन्होंने कई हसीनाओं को पछाड़ यह खिताब अपने नाम किया। अब श्वेता को मिस यूनिवर्स 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी मिली है।आइए उनके बारे में विस्तार से जानें। श्वेता चंडीगढ़ से हैं। 16 साल की उम्र में वह मुंबई आ गई थीं। श्वेता न सिर्फ मॉडलिंग,



बल्कि डांस करने में भी माहिर हैं। उनकी उम्र 22 साल है। वह डांस दीवाने, डांस प्लस और डीआईडी सहित कई रियलिटी शो में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।यही नहीं श्वेता ने शो झलक दिखला जा में कोरियोग्राफर के तौर पर भी हिस्सा लिया था।
फेमिना के मुताबिक, श्वेता ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री ली है।
एक इंटरव्यू में श्वेता ने बताया था कि उनकी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल वो था, जब उन्होंने दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ, मौनी रॉय और माधुरी दीक्षित संग काम किया और उनसे डांस सिखा।उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा प्रेरित सुष्मिता सेन ने किया है। श्वेता का मानना है कि हर लड़की को खुद को सुरक्षित रखने के लिए अच्छी शिक्षा और आत्मविश्वास की जरूरत होती है। एक सुरक्षित संसार के लिए लड़कियों को मजबूत बनाना जरूरी है।




## राम पोथिनेनी की स्कंद का ट्रेलर आउट

प्रसिद्ध निर्देशक बोयापति श्रीनु, जो अपनी ब्लॉकबस्टर अखंडा के लिए जाने जाते हैं, स्कंद के साथ वापस आ गए हैं, जिसमें राम पोथिनेनी और श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म ने सिनेप्रेमियों के बीच अपार प्रत्याशा पैदा कर दी है, और निर्माताओं ने हाल ही में नाटकीय ट्रेलर का अनावरण किया है।
ट्रेलर बोयापति के ट्रेडमार्क एक्शन दृश्यों और प्रभावशाली संवादों से परिपूर्ण है। राम अपने सामूहिक अवतार में प्रभावशाली ढंग से तेलंगाना भाषा का उच्चारण करते हुए दिखाई देते हैं। ट्रेलर के अंत में राम पोथिनेनी का आश्चर्यजनक परिवर्तन देखा जा सकता है।ऐसा लगता है कि बोयापति ने पारिवारिक भावनाओं के साथ शक्तिशाली कार्रवाई का संयोजन करते हुए अपनी विशिष्ट शैली पेश की है। उत्पादन मूल्य सराहनीय हैं. हालांकि ट्रेलर कथानक का विस्तार से खुलासा नहीं करता है, लेकिन यह बड़े पैमाने पर तत्वों की मजबूत उपस्थिति का संकेत देता है।फिल्म में सई मांजरेकर भी अहम भूमिका में हैं। श्रीनिवास चित्तूरी के पर्याप्त बजट द्वारा समर्थित, श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन बैनर के तहत, स्कंद ज़ी स्टूडियो साउथ और पवन कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म 15 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

CMYK

# सीएम सलाहकार वर्मा और दो ओएसडी पर ईडी हुई सख्त

» गिरफ्तारी और रिमांड का खतरा बढ़ा

» सीएम ने कहा टारगेट कर रही ईडी

» सट्टेबाजों पर हम ने किया सबसे ज्यादा कार्रवाई






**रायपुर,29अगस्त 2023(ए)।** श्रीलंका में सट्टेबाजी के मास्टर माइंड के गिरफ्तार होने की खबर के बाद ईडी ने मनीलांड्रिंग और हवाला मामले में मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा तथा उन्हीं के दो ओएसडी मनीष बंछोर और आशीष वर्मा को अपने दफ्तर बुलाया और पूछताछ शुरू कर दी है। आज भी सुबह से कांग्रेस नेताओं और समर्थकों के पंडाल में प्रदर्शन की तैयारियां चल रही थी। बता दें ईडी ने 6 दिन पहले एएसआई चंद्रभूषण वर्मा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

सम्भावना जताई जा रही है कि गिरफ्तार एएसआई से रिश्तेदारी और करीबी के नाते भी ईडी के पूछताछ लंबी चल रही है। ईडी 23 अगस्त को विनोद वर्मा तथा दोनों ओएसडी के घर छापेमारी कर चुकी है। इसके बाद ही बीजापुर से एएसआई चंद्रभूषण को गिरफ्तार किया गया था, वह अभी ईडी की रिमांड में है।

यह भी संभावना जताई जा रही है कि फ़िलहाल दोनों ही को राहत मिलने से रही। ईडी कार्यालय के सामने सड़क पर कोंग्रेसी पंडाल तानकर चाय, नाश्ते और पुरे इंतज़ाम से धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं।

### महादेव एप्प का एक मास्टरमाइंड अरेस्ट, दूसरा फरार

ईडी की कार्रवाई के बीच ये चर्चा है कि एनआईए ने श्रीलंका में छापेमारी कर यहां रैकेट ऑपरेट करने वाले मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर को पकड़ लिया है। उसके साथ रवि उप्पल भी है, जो अभी फरार बताया गया है। दोनों सालभर पहले से दुबई में हैं और वहीं से सट्टेबाजी को ऑपरेट कर रहे थे। खबर है कि कुछ दिनों से सौरभ श्रीलंका में था। वहीं उसे घेरा गया है। सौरभ को भी भनक लग गई थी कि वह पकड़ा जा सकता है, इसलिए वह श्रीलंका से भागने की कोशिश में पकड़ा गया।

### देश के बाहर ईडी क्यों कार्रवाई नहीं करती है

सीएम भूपेश बघेल का कहना है कि ईडी को महादेव एप मामले में छत्तीसगढ़ में ही कार्रवाई करना है क्या..?महादेव एप के दोनों मास्टरमइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल तो विदेश से ऑपरेट कर रहे हैं। देश में भी कई राज्यों से इनका खेल चल रहा है उन्हें बंद करें कार्रवाई करे ईडी हमारी सरकार और पुलिस ने सैकड़ों खतों को जब्त कर सीज़ किया, दर्जनों लोगों को दिल्ली, ओडिशा, अन्य राज्यों से पकड़कर लाये। ऑनलाइन सट्टा से जुड़े साजो सामान और नकदी भी बरामद की गई है फिर भी ईडी को सिर्फ प्रदेश में कार्रवाई नहीं दिख रही।

### महादेव सट्टा एप मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपियों की ईडी रिमांड 7 दिन बढ़ी

प्रवर्तन निदेशालय की रायपुर यूनिट टीम को एक बार फिर महादेव एप्प सट्टेबाजी मामले में फंसे एएसआई समेत 4 आरोपियों की रिमांड मिल गई है। ईडी की गिरफ्त में आए चार आरोपियों को 7 दिन की ईडी की रिमांड में रखा जायेगा।

कोर्ट में आज सभी आरोपी को 5 सितंबर तक ईडी की कस्टडी में रखने का फैसला हुआ। गौरतलब हो कि सभी की 6 दिन की पहली रिमांड आज मंगलवार को पूरी हुई थी। इन सभी पर मनी लॉन्ड्रिंग और महादेव एप्प के जरिये सट्टा के अवैध काम से जुड़े होने का आरोप ईडी ने लगाया है।

### ईडी टीम पर हमला-वाहनों में तोड-फ़ोड़ करने वालों पर होगा तगड़ा एक्शन

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी आशीष वर्मा के घर छापे के दौरान ईडी की टीम पर हमला करने तथा गाडियों में तोडफ़ोड़ करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ भिलाई तीन पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

ज्ञात हो कि ईडी की तीन अलग-अलग टीमों ने 23 अगस्त बुधवार तड़के भिलाई 3 निवासी मनीष बंछोर और आशीष वर्मा सहित उनके करीबी विजय भाटिया के नेहरू नगर भिलाई स्थित घर छापेमारी की थी। इस दौरान मनीष बंछोर और आशीष वर्मा के घर के बाहर समर्थकों का जमावड़ा लग गया और कार्रवाई का विरोध किया जा रहा था। तभी कुछ लोग ने घर के अंदर घुसने की कोशिश की तो सुरक्षा के लिए तैनात CISF के जवानों से उनकी धक्का मुक्की हुई थी। इसके बाद शाम को जब श्र्वष्ठ की टीम आशीष वर्मा के घर से कार्रवाई कर जाने लगी तो आक्रोशित समर्थकों ने उन्हें मारने के लिए दौड़ा लिया। इतना ही नहीं कुछ लोगों ने ईडी के अधिकारियों की कार में पथराव कर उसका कांच भी तोड़ दिया था।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

» अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का किया अनुरोध

» बघेल ने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से जगदलपुर स्थानान्तरित करने का भी किया आग्रह

» मुख्यमंत्री ने कहा-अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर और विलम्ब न करते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का कष्ट करें



**रायपुर,29अगस्त2023(ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया, साथ ही उन्होंने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से जगदलपुर स्थानान्तरित करने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में कहा है - अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर और विलम्ब न करते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का कष्ट करें।

श्री बघेल ने लिखा है कि -मेरे द्वारा अप्रैल 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिये जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था,आप सहमत होंगे कि सदियों से सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों से वचित बड़ी आबादी को संविधान प्रदत्त समानता एवं सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप आरक्षण का लाभ दिया जाना आवश्यक है।

श्री बघेल ने लिखा है - राज्य विधानसभा द्वारा दिसंबर 2022 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक में राज्य में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा ई.डब्ल्यू.एस. के लोगों के लिये क्रमशः 32, 13, 27 एवं 4 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक पारित किया गया था। दुर्भाग्य से वह विधेयक अभी तक राजभवन में अनुमोदन हेतु लंबित है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लिखा है- समाज की बड़ी आबादी को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखने से उनके मन में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। राज्य सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी अन्य पिछड़ा वर्गों के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ न मिल पाना समझ से परे है।



## मलकीत सिंह गैदू को पीसीसी में संगठन और प्रशासनिक के प्रभारी महामंत्री का जिम्मा

**रायपुर,29अगस्त2023(ए)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मलकीत सिंह गैदू को आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन एवं प्रशासनिक दोनो का प्रभार दे दिया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने जारी की है।

अपनी इस नियुक्ति के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज का आभार व्यक्त किया है। साफ़ शब्दों में कहें तो मलकीत सिंह गैंदू का संगठन में कद बढ़ा है।

## फर्जी आंकड़े जुटाने में माहिर मोदी सरकार

# महज कुछ हजार भर्ती पत्र बाँट कर प्रमोशन को भी नई भर्ती में गिन लिए

### रोजगार देने में नाकाम मोदी सरकार युवाओं को ठगने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है

**रायपुर,29अगस्त2023(ए)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि सालाना 2 करोड़ रोजगार देने का वादा कर केंद्र में बैठी मोदी सरकार युवाओं को ठगने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। 9 साल में वादे के अनुसार मिलना था 18 करोड लोगों को रोजगार, लेकिन मोदी सरकार महज़ कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट कर अपने वादाखिलाफी पर परदेदारी का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। यही नहीं इन तथाकथित सरकारी नौकरियों में बड़ी संख्या में उनके भी नाम हैं जिनको नई नौकरी नहीं बल्कि पदोन्नति मिला है। फर्जी आंकड़े जुटाने में माहिर मोदी सरकार ने प्रमोशन को भी नई भर्ती में गिन लिए। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफसाइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली द्वारा ज़ारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल में संस्थान ने 15 नई नियुक्तियां की और 21 व्यक्तियों के प्रमोशन को मंजूरी दी। रोजगार मेला आयोजनों के दौरान पदोन्नत कर्मचारीयों को भी भर्ती पत्र जारी किए गए। मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी ने नियुक्ति और पदोन्नति के अपने जवाब में कहा कि 38 लोगों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। 38 में 18 प्रमोशन के मामले शामिल हैं। केवल राजनीतिक लाभ के लिए मोदी सरकार ने युवाओं के आकांछाओं का मज़ाक बना दिया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के कुशासन का सर्वाधिक नुकसान देश के युवा भोग रहे है। बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है। देश के संसाधन, देश के सार्वजनिक उपक्रम और सरकारी विभाग बेच कर युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को मोदी सरकार बेच रही है। 18 लाख से अधिक पद केवल सरकारी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में खाली है लेकिन नई भर्तियां निकलने की वजह मोदी सरकार होने पौने धाम पर बेचने में लगी है। बैंक, एसएससी, रेलवे की भर्ती परीक्षाएं पहले हर 3 महीने में होती थी बड़ी संख्या में वैकेंसी निकाली जाती थी लेकिन मोदी राज में पिछले 9 साल से नई भर्ती यह लगभग बंद है। देश के युवा भाजपा के झूठ, जुमले और विश्वासघात को पहचान चुके हैं, और वे 2024 में मोदी सरकार को बाहर का रास्ता ज़रूर दिखाएँगे।




# डॉ.आनंद छाबड़ा होंगे छत्तीसगढ़ के नए खुफिया चीफ

### अजय यादव को बिलासपुर का आईजी बनाया गया

**रायपुर,29अगस्त2023(ए)।** राज्य सरकार ने खुफिया चीफ अजय यादव को बिलासपुर का आईजी बनाया गया है। उनकी जगह पर बिलासपुर आईजी डॉ. आनंद छाबडा को सूबे का नया खुफिया चीफ बनाया गया है। छाबड़ा पहले भी तीन साल तक खुफिया चीफ रह चुके हैं।

बिलासपुर रेंज के आईजी आनंद छाबड़ा ने आज बिलासपुर पुलिस रेंज के आईजी का प्रभार ग्रहण किया। एसपी संतोष सिंह एवं अन्य अफ़सरों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। आईजी ने कार्यालयीन स्टाफ से उनका परिचय प्राप्त किया। इससे पूर्व आनंद छाबड़ा दुर्ग रेंज के आईजी थे। वे रायपुर रेंज के आईजी रहने के साथ प्रदेश के खुफिया चीफ रह चुके हैं।

आनंद छाबड़ा पंजाब राज्य के रहने वाले हैं। एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने के बाद यूपीएससी परीक्षा पास आईपीएस के लिए सेलेक्ट हुए। वे 2001 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अफ़सर हैं। उन्होंने 2 सितंबर 2001 को आईपीएस की सेवा ज्वाइन की। राजधानी रायपुर के माना सीएसपी रहे। इसके बाद राज्यपाल के परिसहाय भी रहे। आनंद छाबड़ा महासमुंद, दुर्ग, रायगढ़,जांजगीर, चांपा, कवर्धा एसपी रहे। वे स्टेट इंटेलिजेंस ब्यूरो में डीआईजी रहने के अलावा प्रदेश के इंटेलिजेंस चीफ और रायपुर आईजी दोनों पदों पर एक साथ रहे। रायपुर के बाद वे दुर्ग रेंज के आईजी रहे। उनकी पत्नी छत्तीसगढ़ कैडर की भारतीय वन सेवा की अफ़सर है।



भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के इंटेलिजेंस चीफ अजय यादव को सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना है। उन्हें यह पदक स्वतंत्रता दिवस समारोह याने इस साल 15 अगस्त को उन्हें प्रदान किया जाएगा। 2004 बैच के आईपीएस अजय यादव इस समय प्रदेश के खुफिया चीफहोने के साथ ही रायपुर रेंज के आईजी भी है। उन्होंने पुलिस सेवा में 18 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। अजय यादव ने पुलिस कैरियर की शुरुआत बिलासपुर जिले में प्रोबेशनर आईपीएस के रूप में की है। उन्होंने बस्तर के नक्सल इलाकों में पांच साल से अधिक सेवाएं दी है। बस्तर के नारायणपुर से ही वे एसपी की पारी की शुरूआत की। नारायणपुर में उनके नेतृत्व में चलाए गए विभिन्न आपरेशनों में सुरक्षा बलों ने आठ नक्सलियों को मार गिराए। 2008 के विधानसभा चुनाव से पहले हुई मुठभेड़ के लिए उन्हें वीरता पदक मिला था। इसमें तीन नक्सलियों के शव के साथ हथियार भी मिले थे। 2008 के विधानसभा चुनाव में नारायणपुर में पहली बार ऐसा हुआ कि बिना किसी भी इंज्युरी या नुकसान के विधानसभा चुनाव संपन्न करवाया गया। नारायणपुर के बाद अजय यादव कांकेर एसपी बनें। इस दौरान उनके कार्यकाल में 15 नक्सलियों को एनकाउंटर में मारा गया। 2009 में अजय यादव ने कांकेर में लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया। पहली बार वहां रिपोलिंग नही करवानी पड़ी। यहां बीएसएफ़ के 27 कैम्प व 5 बटालियन हेडक्वार्टर भी बनाये थे। फिर जगदलपुर एसपी रहने के दौरान झीरम घाटी में दो कैंप खुलवाए। जगदलपुर में आमचो बस्तर, आमचो पुलिस...उन्हीं के कार्यकाल में प्रारंभ किया गया। अजय यादव नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, बिलासपुर, जांजगीर, दुर्ग और रायपुर को मिलाकर सात जिलों के एसपी रह चुके हैं।

# नक्सलियों ने ली पूर्व सरपंच पर हमले की जिम्मेदारी



**बीजापुर,29अगस्त2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में फरसेगढ़ के पूर्व सरपंच और भाजपा कार्यकर्ता महेश गोटा का अपहरण कर जानलेवा हमले को लेकर नक्सलियों ने पर्चा जारी किया है। माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीजनल कमेटी ने महेश गोटा पर जानलेवा हमले की जिम्मेदारी ली है। पर्चे में नक्सलियों ने महेश गोटा पर पुलिस के साथ सांठगांठ समेत अन्य आरोप लगाया है।

नक्सलियों ने पर्चे में लिखा है कि फरसेगढ़ थाना में हेलीपेड निर्माण, आदिवासियों के जमीन हड़पने, ठेकेदारों के साथ मिलकर अंदरूनी इलाकों में पुल-पुलिया निर्माण और कुछ सरपंचों को अपने पक्ष में लेकर सागमेटा, एडापल्ली, पिल्लूर और सेंड्रा में कैम्प खोलने की योजना बनाने का भी आरोप लगाया है। सरपंच रहने के दौरान मजदूरों के पैसों के गबन और फरसेगढ़ इलाके में युवाओं को भाजपा से जोड़ने और जन विरोधी कार्यों में लिप्त रहने का भी आरोप लगाया गया है।उल्लेखनीय है कि, दामाराम गांव में स्थित कुपरेल की पहाड़ी में हर साल ग्रामीण पूजा करने जाते हैं। यह पूजा अच्छी खेती और क्षेत्र में शांति के लिए की जाती है। फरसेगढ़, कुटरू, गुदमा सहित कई गांवों के करीब 200 से 250 ग्रामीण 21 अगस्त की सुबह यही पूजा करने के लिए दामाराम गांव में स्थित कुपरेल की पहाड़ी गए थे। इसी दौरान 50 से ज्यादा ग्रामीणों को नक्सलियों ने अगवा कर लिया और अपने साथ ले गए थे। इसमें पूर्व सरपंच महेश गोटा भी शामिल था। नक्सलियों ने पूछताछ के बाद 49 ग्रामीणों को उसी दिन देर शाम को छोड़ दिया था, लेकिन महेश गोटा को बंधक बनाकर रखा था, जिसे 22 अगस्त देर रात हत्या की कोशिश कर नक्सलियों ने फेंक दिया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने महेश गोटा को गंभीर हालत में देखा। फिर इसकी जानकारी गांव वालों को दी गई और गंभीर रूप से घायल महेश गोटा को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल महेश गोटा का इलाज दिल्ली में जारी है।



## बस्तर में केजरीवाल और मान देंगे 10 वीं गारंटी

**रायपुर,29अगस्त2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पार्टियां चुनावी रण में उतर गई हैं। आए दिन प्रदेश में सभाओं का दौर जारी है। राष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज ने प्रदेशा का दौरा कर रहे हैं।

अब खबर है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान सितंबर माह में बस्तर दौरे पर आ रहे हैं। 16 सितंबर को दोनों नेता बस्तर में आयोजित जनसभा में 10वीं गारंटी देंगे।

19 अगस्त को अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। जहां उन्होंनेप्रदेश की जनता के लिए 9 गारंटी कार्ड जारी किए थे।

इसी के साथ ही जगदलपुर में केजरीवाल और भगवंत मान की सुनियोजित जनसभा के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। इस जनसभा में एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे पूरा करने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट गए हैं। बता दें कि इन दिनों बस्तर सियासत का केंद्र बना हुआ है।

सत्ता के दिग्गजों की नजर बस्तर पर लगातार बनी हुई है। यही कारण है कि कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही पार्टी के नेताओं की बैठक बस्तर में आयोजित हो चुकी है। अब इसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल हो चुकी है। जो कि 16 सितंबर भव्य जनसभा करने की तैयारी में है।

## रक्षाबंधन पर भद्रा के साथ राहू काल का साया



**रायपुर,29अगस्त2023(ए)।** भाई-बहन के अटूट और निश्छल प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर भद्रा का साया छाया हुआ है। रक्षाबंधन पर्व मनाने और इसके शुभा मुर्हूत को लेकर विद्वानों के बीच चर्चा जारी है। आमजन भी इस दुविधा में हैं कि रक्षाबंधन पर्व कब मनाना सही होगा।

इस बार सावन माह की पूर्णिमा तिथि बुधवार 30 अगस्त को है, लेकिन इस दिन भद्रा का साया है। अगर पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया हो तो भद्राकाल में राखी बांधना अशुभ माना जाता हा। भद्राकाल के समापन के बाद ही राखी बांधनी चाहिए। 30 अगस्त के दिन भद्राकाल रात में 9 बजकर 2 मिनट पर समाप्त होगा। इसके बाद ही राखी बांधने का शुभ मुहूर्त शुरू होगा। इधर भद्राकाल के साथ ही रक्षाबंधन पर राहुलकाल भी पड़ रहा है। ज्योतिषों और जानकारों के अनुसार 30 अगस्त को मध्यान्ह 12:20 से 1:54 तक राहुकाल रहेगा और प्रातः 10:19 मिनट से पंचक शुरू होगा। इस बार रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त बहुत ही कम समय का है। 30 अगस्त को रात में 9 बजकर 2 मिनट पर भद्राकाल समाप्त होगा। वहीं सावन पूर्णिमा 31 अगस्त को सुबह 7.05 मिनट पर खत्म होगी। इसलिए रात में भद्रा खत्म होने के बाद और 31 अगस्त को सुबह 7 बजकर 5 मिनट से पहले राखी बांधी जा सकती है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)